दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 16 | अंक : 84 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। रविवार, 25 जनवरी 2026 | माघ माह, शुक्ल पक्ष सप्तमी, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## वर्ल्डकप 2026 से बाहर हुआ बांग्लादेश

### स्कॉटलैंड को ग्रुप-सी में मिली जगह; आईसीसी का बयान आया सामने



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** आईसीसी ने घोषणा की है कि स्कॉटलैंड आईसीसी मेंस टी20 विश्व कप 2026 में बांग्लादेश की जगह लेगा। शनिवार को औपचारिक रूप से घोषणा की गई कि बांग्लादेश आगामी आईसीसी में टी20 विश्व कप में नहीं खेलेगा, क्योंकि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने शेड्यूल के अनुसार टूर्नामेंट में भाग लेने से इनकार कर दिया था। स्कॉटलैंड को बांग्लादेश के स्थान पर ग्रुप सी में शामिल किया गया है, जहां वह इंग्लैंड, इटली, नेपाल और वेस्टइंडीज से टकराएगा।

**व्यापक प्रक्रिया के बाद यह निर्णय लिया गया**

आईसीसी द्वारा जारी एक बयान में बोर्ड ने यह कठिन निर्णय लिया कि टूर्नामेंट से ठीक पहले बीसीबी की मांगों को पूरा करना संभव नहीं है। आईसीसी के बयान में कहा गया है, भारत में निर्धारित मैचों की मेजबानी को लेकर बीसीबी द्वारा उठाई गई चिंताओं को दूर करने के लिए आईसीसी द्वारा अपनाई गई व्यापक प्रक्रिया के बाद यह निर्णय लिया गया है।

**लंबे समय तक बातचीत की**

बयान के मुताबिक, तीन सप्ताह से अधिक समय तक आईसीसी ने बीसीबी के साथ बातचीत की। आईसीसी ने बीसीबी द्वारा उठाई गए चिंताओं की समीक्षा की। आंतरिक और बाहरी विशेषज्ञों से स्वतंत्र सुरक्षा आकलन कराए और उन पर विचार किया। आईसीसी बिजनेस कॉर्पोरेशन (आईबीसी) बोर्ड के साथ हुई चर्चाओं सहित कई चरणों में इन आश्वासनों को दोहराया गया।

# सर्द हवाओं ने बढ़ाई गलन, बर्फ जमी

## तापमान -7 डिग्री

### आंधी-बारिश की चेतावनी

### सर्द हवा चलने से एक दिन में 10 डिग्री गिरा पारा, कोहरा छाने का भी अलर्ट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में आंधी-बारिश और ओले गिरने से मौसम में बड़ा बदलाव हुआ है। हिल स्टेशन माउंट में शुक्रवार रात का तापमान माइनस 7 डिग्री रिकॉर्ड हुआ है। ये इस सीजन का सबसे कम तापमान है। शनिवार सुबह यहां जगह-जगह बर्फ की मोटी परत जमी नजर आई। वहीं, सीकर, बाड़मेर, जैसलमेर सहित कई जिलों में खेतों में बर्फ जम गई। राजस्थान के अधिकतर हिस्सों में दिन का तापमान 10 डिग्री तक लुढ़क गया है। जयपुर, दौसा, अलवर सहित कई जिलों में सुबह से बर्फीली हवा चल रही है। वहीं, मौसम विज्ञान केन्द्र ने राज्य में 24 और 25 जनवरी को मौसम साफ रहने का अनुमान जताया है। केंद्र के अनुसार 26 और 27 जनवरी को एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस के एक्टिव होने की संभावना जताई है।



**राजस्थान में कड़ाके की सर्दी**

राज्य में शनिवार तड़के से ही कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हुई। जयपुर, सीकर, अजमेर, भरतपुर, अलवर, दौसा, नागौर समेत कई जिलों में बारिश के साथ तेज हवा चली। बारिश के बाद दिनभर आसमान में हल्के बादल, धुंध रही। इससे सूरज की चमक कमजोर रही और तापमान में बड़ी गिरावट रही। राज्य के लगभग सभी जिलों में सर्दी तेज हो गई। शनिवार दिन में सबसे ज्यादा सर्दी सिरोही में रही, जहां अधिकतम तापमान 14.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## हिमाचल में भारी बर्फबारी, मनाली में फंसे टूरिस्ट

### भूखे-प्यासे गाड़ियों में काटी रात, कईयों की हालत बिगड़ी, मनाली 1.5, शिमला 1 फुट स्नॉफॉल

बढ़ता राजस्थान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी के कारण 600 से ज्यादा टूरिस्ट जगह जगह फंसे हुए है। मनाली में बड़ी संख्या में पर्यटकों ने पूरी रात गाड़ियों में बिताई। इनके पास खाने-पीने को कुछ नहीं है। माइनस में टैम्परेचर के बावजूद ठंड से बचने को कंबल तक नहीं है। इससे कई पर्यटकों की हालत बिगड़ती जा रही है। मनाली के 16 व 17 मील के पास 100 से भी ज्यादा गाड़ियां फंसी है। इनमें टूरिस्ट सड़क खुलने की उम्मीद में है। सड़क पर भारी बर्फ होने के कारण गाड़ियों की आवाजाही नहीं हो पा रही। दिल्ली से आई टूरिस्ट रिंकी ने बताया- वह 24 घंटे से मनाली से आठ किलोमीटर पहले गाड़ी में है। उनके साथ टैंपो में पांच लोग है। उन्होंने पूरी रात भूखे-प्यासे बिताई। ठंड से उनकी स्थिति बिगड़ रही है। शिमला, कुफरी और नारकंडा में भी बर्फबारी के कारण वाहनों की आवाजाही बंद है। इससे शहर की सड़कों पर रात दो-तीन बजे तक टूरिस्ट गाड़ियों में फंसे रहे। बर्फ पर गाड़ियां स्किड हो रही है। प्रदेश में भारी बर्फबारी के बाद कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। इससे पानी की टंकियां जम गई है। घरों व होटल में पानी नहीं आ रहा। शिमला, चंबा, कुल्लू, किन्नौर और लाहौल स्पीति जिला का हिमाचल से संपर्क कट गया है। प्रदेश में पांच नेशनल हाईवे समेत 1290 सड़कें और 8500 से ज्यादा बिजली के ट्रांसफॉर्मर ठप पड़े हैं। शिमला शहर के अधिकांश हिस्सों में भी 30 घंटे से ब्लैक आउट है। कई ग्रामीण इलाकों में अगले पांच-छह दिन बाद भी बिजली बहाली की कम उम्मीद है।



## 18वां रोजगार मेला- पीएम ने 61 हजार जॉब लेटर बांटे

### कहा- युवाओं को नए अवसर मिलें, ये हमारा प्रयास; कई स्टार्टअप में महिला डायरेक्टर



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने शनिवार को वर्चुअली 18वें रोजगार मेले में युवाओं को 61 हजार जॉब लेटर बांटे। ये नियुक्ति गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों में की गई है। रोजगार मेले का आयोजन देश के 45 जगहों पर किया जा रहा है।

पीएम ने वर्चुअली संबोधन में कहा कि युवाओं को नए अवसर मिलें, ये हमारा प्रयास है। देशभर के स्टार्टअप में महिलाएं आगे हैं। कई स्टार्टअप में तो वे हेड हैं। महिला स्वरोजगार की दर में 15% की बढ़ोतरी हुई है। पिछला रोजगार मेला 24 अक्टूबर 2025 को आयोजित किया गया था। प्रधानमंत्री ने 22 अक्टूबर 2022 को रोजगार मेले का पहला फेज शुरू किया था। अब तक 11 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल चुका है।

**रोजगार मेला मिशन मोड पर:**

सरकारी भर्तियों को भी कैसे मिशन मोड पर किया जाए इसलिए रोजगार मेले की शुरुआत की गई। रोजगार मेला एक इंस्टिट्यूशन बन गया है। भारत की युवा शक्ति के लिए नए अवसर बने ये हमारा प्रयास है। हम कई ट्रेड एग्रीमेंट कर रहे हैं। इससे अनेकों अवसर आने वाले हैं।

**भारत पर दुनिया को भरोसा:**

भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम का दायरा बढ़ रहा है। देश में दो लाख रजिस्टर्ड स्टार्टअप में 21 लाख युवा काम कर रहे हैं। भारत की इकोनॉमी तेजी से बढ़ रही है। आज भारत पर जिस तरह दुनिया का भरोसा बढ़ रहा है इससे अनेकों संभावनाएं पैदा हो रही हैं।

## तेलंगाना में जहरीला इंजेक्शन देकर 300 कुत्तों की हत्या

### सरपंच ने चुनाव में वादा किया था; एक महीने में 900 कुत्तों को मारा जा चुका

बढ़ता राजस्थान

**हैदराबाद।** तेलंगाना के जगतियाल जिले के पेगडापल्ली गांव में 300 आवारा कुत्तों की जहरीला इंजेक्शन देकर हत्या कर दी गई। एक एनिमल राइट्स एक्टिविस्ट के दावे के मुताबिक गांव के सरपंच ने दिसंबर में हुए चुनाव में जनता से कुत्तों से छुटकारा दिलाने का वादा किया था। मामले में बीएनएस और पशु क्रू रता निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर में गांव के सरपंच और ग्राम पंचायत सचिव को दोषी ठहराया गया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि सरपंच ने आवारा कुत्तों को मारने के लिए कुछ लोगों को काम पर रखा था। इससे पहले जनवरी में ही तेलंगाना में कुल 600 कुत्तों को अलग अलग गांवों में जहर देकर मारने की घटना सामने आई थीं। इससे मरने वाले कुल कुत्तों की संख्या 900 पहुंच गई है।

**पुलिस बोली- दफनाने की जगह से 80 कुत्तों के शव निकाले गए**-पुलिस ने बताया कि दफनाने की जगह से लगभग 70 से 80 कुत्तों के शव निकाले गए। ऐसा लग रहा था कि शवों को तीन से चार दिन पहले दफनाया गया था। उन्होंने कहा कि इस स्तर पर, हम घटना में आरोपियों की संलिप्तता की पुष्टि नहीं कर सकते। उन्होंने आगे कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है और आगे की जांच जारी है।

## विदेशों में छिपे 70 से अधिक भारतीय भगोड़ों पर सरकार का शिकंजा, लाए जाएंगे वापस

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत सरकार की ओर से विदेशों में छिपे भगोड़ों पर शिकंजा कसा जा रहा है। एक रिपोर्ट में पता चला है कि भारत द्वारा वांछित 70 से अधिक भगोड़ों का 2024-25 के दौरान विदेशों में पता लगाया गया है। इसी अवधि के दौरान भारत में अन्य देशों द्वारा वांछित 203 भगोड़ों का पता लगाया गया।

कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 2024-25 में 71 भारत द्वारा वांछित/भगोड़ों का विदेशों में पता चला है। अधिकारियों का दावा है कि विदेशों में मिले ऐसे वांछित भगोड़ों की संख्या एक दशक से अधिक समय में सबसे अधिक है। पिछले वित्तीय वर्ष में 27 भगोड़े/वांछित विदेशों से



भारत लाए गए। अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के दौरान विदेशों में 74 लेटर रोगेटरी (एलआर) भेजे गए। लेटर रोगेटरी विदेशों में अधिकारियों से की गई एक न्यायिक याचिका है, जिसमें भारतीय जांच एजेंसियों द्वारा की जा रही जांच में सहयोग मांगा जाता है। सीबीआई समेत अन्य एजेंसियों ने पुष्टि की है कि उक्त अवधि के दौरान 47 कानूनी नोटिसों पर पूर्ण रूप से कार्रवाई की गई और 29 को आंशिक कार्रवाई के आधार पर बंद/वापस ले लिया गया। 31 मार्च 2025 तक अन्य देशों के पास कुल 533 कानूनी नोटिस लंबित थे, जिनमें 276 सीबीआई से संबंधित मामले थे और 257 राज्य पुलिस और अन्य केंद्रीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों से संबंधित थे।



# ऐश्वर्या समूह महाविद्यालयों में 'ऐश्वर्या बालिका सम्मान' का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** ऐश्वर्या समूह महाविद्यालयों द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 'ऐश्वर्या बालिका सम्मान' समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य सुरेश भट्ट द्वारा ऐश्वर्या समूह महाविद्यालयों का परिचय प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों एवं सामाजिक दायित्वों पर प्रकाश डाला।

इस आयोजन का उद्देश्य बालिकाओं को समान अवसर प्रदान करना, उनके अधिकारों के प्रति समाज को जागरूक करना तथा लैंगिक समानता को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम में उदयपुर एवं आसपास के विभिन्न शिक्षण संस्थानों की छात्राओं ने सहभागिता की। इनमें सेंट्रल अकादमी, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, पहाड़ा, हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल, इंडो अमेरिकन स्कूल, गुरु नानक पब्लिक स्कूल, द स्टडी स्कूल सहित अनेक अन्य शिक्षण संस्थान शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागी छात्राओं को उपहार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रोफेसर सुधा चैधरी ने अपने संबोधन में कहा कि बालिकाओं को शिक्षा के साथ संस्कार, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास देना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। समाज का वास्तविक विकास तभी संभव है जब बालिकाओं को आगे बढ़ने के समान अवसर दिए जाएं। इसके पश्चात ऐश्वर्या अवॉर्ड्स समिति अध्यक्ष डॉ. मंजू सिंह ने कहा कि 'ऐश्वर्या बालिका सम्मान' का उद्देश्य बालिकाओं की उपलब्धियों को पहचान देना और उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है।

इस अवसर पर ऐश्वर्या फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य गजाराम सिरवी ने कहा कि बालिकाओं का सशक्तिकरण केवल सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नींव है। शिक्षा और समान अवसर ही उनके उज्ज्वल भविष्य का आधार हैं।

कार्यक्रम का संचालन मास्टर ऑफ सेरेमनी की भूमिका सहायक प्राध्यापिका सुश्री हर्षा मारवाल द्वारा निभाई गई, जबकि मंच संचालन सहायक प्राध्यापिका सुश्री श्रुति दंडपत द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अंत में सहायक प्राध्यापक, ऐश्वर्या टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, सामाराम देवासी द्वारा उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों एवं प्रतिभागी छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस अवसर पर ऐश्वर्या समूह महाविद्यालयों के समस्त प्राध्यापकगण एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। यह आयोजन बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य, आत्मनिर्भरता और अधिकारों के संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल के रूप में संपन्न हुआ।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर उजाला क्लिनिक की ओर से राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता सेमीनार हुआ आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**सूरतगढ़ ( नि.स. )।** खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज अग्रवाल के आदेशानुसार उप जिला चिकित्सालय सूरतगढ़ के उजाला क्लिनिक की ओर से आज दिनांक 24 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय बालिका दिवस पर स्वास्थ्य जागरूकता सेमीनार आयोजन राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया गया। जिसमें नर्सिंग अधिकारी लक्ष्मी कुमारी ने किशोर-किशोरियों में होने वाले मानसिक व शारीरिक बदलाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी और पौष्टिक आहार का सेवन करने की सलाह देते हुए उजाला क्लिनिक के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर काउन्सलर दीपक शर्मा ने बालिकाओं को बीपी और शुगर के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जागरूकता के अभाव में यह बिमारियां बढ़ रही है इसलिए हमें अपनी दिनचर्या और खानपान में बदलाव करने के साथ-साथ समय समय पर स्वास्थ्य जांच करवानी चाहिए। सेमीनार में उप प्रधानाचार्य श्रीमती सर्वजीत कौर ने आभार व्यक्त करते हुए बच्चों को शुद्ध व पौष्टिक आहार का सेवन करने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य श्रीमती मोहिनी पूरी ने कहा कि समय समय पर विद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर कार्यक्रम होने चाहिए इसके लिए हमारे विद्यालय का मंच सदैव तैयार है साथ ही बच्चों को व्यायाम और योग का महत्व बताया। सेमीनार में फिजियोथैरेपिस्ट देवेन्द्र शरण धाकड़, अध्यापक राम कुमार घोड़ेला, अध्यापक मणि प्रसाद सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

## रोटरी इंटरनेशनल का सर्वोच्च सम्मान सर्विस एबव सेल्फ अवॉर्ड डॉ. निर्मल कुणावत को प्रदान किया जाएगा

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (नि.स.)। रोटरी इंटरनेशनल ने उदयपुर के वरिष्ठ रोटरी सदस्य एवं पूर्व प्रान्तपाल एकेएस डॉ. निर्मल कुणावत को रोटरी इंटरनेशनल बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा प्रतिष्ठित 'सर्विस एबव सेल्फ अवॉर्ड' से सम्मानित करने के लिए चयनित किया गया है। यह सम्मान रोटरी इंटरनेशनल द्वारा किसी सदस्य को दिया जाने वाला सर्वोच्च अंतरराष्ट्रीय सम्मान माना जाता है।

प्रांतपाल प्रज्ञा मेहता ने बताया कि यह पुरस्कार डॉ. निर्मल कुणावत द्वारा समाज सेवा, मानवीय मूल्यों और 卐सेवा सर्वोपरि卐 की भावना के साथ किए गए उल्लेखनीय और निरंतर योगदान के लिए प्रदान किया जा रहा है। उनकी सेवाओं ने न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि व्यापक सामाजिक प्रभाव भी डाला है। उन्होंने बताया कि रोटरी इंटरनेशनल की ओर से पुरस्कार स्वरूप सम्मान पिन एवं डॉ. निर्मल कुणावत के नाम से अंकित विशेष क्रिस्टल ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

रोटरी इंटरनेशनल ने यह भी कहा है कि इस अवसर पर डॉ. कुणावत के सम्मान में एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया जाए, जिसमें उनकी सेवाओं को प्रदर्शित करने हेतु प्रस्तुति या दृश्य माध्यम का उपयोग किया जा सकता है। साथ ही डॉ. कुणावत को आगामी रोटरी इंटरनेशनल कन्वेंशन जो की ताइवान में जून 2026 में होगा, में आयोजित एक विशिष्ट सम्मान समारोह के लिए भी आमंत्रित किया जाएगा।

## अंशुल मोगरा बी एन आई उदयपुर कॉरपोरेट चैप्टर के अध्यक्ष बनें

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** बीएनआई (बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल) उदयपुर के कॉरपोरेट चैप्टर की आज लिटिल इटली होटल में बैठक आयोजित की गई। जिसमें वरिष्ठ सीए अंशुल मोगरा को बी एन आई के उदयपुर कॉरपोरेट चैप्टर का अध्यक्ष बनाया गये। फाउंडर एवं कार्यकारी निर्देशक अनिल छाजेड़ ने बताया कि आगामी 25 फरवरी 2026 को चैप्टर को 41 सदस्यों के साथ लॉन्च करने का निर्णय लिया गया। बीएनआई मीटिंग में कार्यकारी निर्देशक अनिल छाजेड़, लॉन्च निर्देशक हिमांशु कटारिया, अंशुल मोगरा, कृतिक कोठारी, आर्किटेक्ट योगेश अरोड़ा, अनिरुद्ध चुंडावत, अजय जैन, विवेक अग्रवाल, मानव सोनी एवं अन्य विजीटर्स मौजूद थे। कॉरपोरेट उदयपुर बी एन आई का सातवां चैप्टर होगा।

## आबू में पारा माइनस पर, ठंड ने पकड़ा जोर

**कंपकंपाया सिरोही, अगले दो दिनों में जताई मावठ की संभावना**

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** सर्दी ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है। तेज ठंड में लोगों की कंपकंपी छूट रही है। वहीं, प्रदेश का पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू ठिठुर रहा है। आबू में दो दिनों से पारा माइनस में चल रहा है। ठंड से बचाव के लिए लोग घरों से बाहर तक नहीं निकल रहे। लोग दिनभर गर्म लबादों में लिपटे नजर आए। खुले में रहने वाले लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। उधर, तेज हवा चलती रहने से लोगों की मुसीबत बढ़ती रही। अलसुबह से दिनचर्या शुरू करने वाले लोगों को धुंध के बीच भारी समस्या झेलनी पड़ी।

## पर्यावरण बचाने की मुहिम, पदयात्रा को मिला जनसमर्थन

### जल-जंगल व जमीन बचाने का आंदोलन तेज



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** पिण्डवाड़ा क्षेत्र में प्रस्तावित कमलेश मेटाकास्ट खनन परियोजना को निरस्त कराए जाने की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन अब वृहद रूप ले रहा है। ग्रामीणों ने इसके लिए पदयात्रा शुरू की है। आगामी दिनों में जन आंदोलन किया जाना है, जिसके लिए जन समर्थन जुटाया जा रहा है। ग्रामीणों की पदयात्रा को भी भरपूर समर्थन मिल रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने खनन परियोजना के खिलाफ शनिवार को जनजाग्रति पदयात्रा निकाली। शुरुआत भारजा गांव से की गई। पदयात्रा तरूंगी, भीमाना, वाटेरा और रोहिड़ा होते हुए शाम को सरूपगंज पहुंची, जहां रात्रि विश्राम किया गया। रविवार को अन्य गांवों से होते हुए पदयात्रा निकाली जाएगी। ग्रामीणों का कहना रहा कि इस मुहिम के जरिए अरावली पर्वतमाला को बचाने एवं पर्यावरण के लिए विनाशकारी खनन परियोजना को रद्द करवाना अहम उद्देश्य है।

**पदयात्रा का जगह-जगह स्वागत**

ग्रामीणों की इस पदयात्रा का ग्रामीणों ने जगह-जगह स्वागत किया। साथ ही आंदोलनकारियों का उत्साह बढ़ाया गया। लोगों ने हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। पदयात्रा के दौरान ग्रामीणों को इस खनन परियोजना के दुष्परिणाम बताए गए। जल-जगल व जमीन बचाने के लिए लोगों को पर्यावरण का महत्व बताते हुए जागरूक किया गाय। आंदोलन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने गांवों में जागरूकता जगाई कि अरावली राजस्थान की जीवन रेखा है।

## बालिकाओं का सशक्तिकरण ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला : डॉ. राजेश डोगीवाल

### – राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन
### – बालिका कल्याण हेतु राज्य सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जयपुर जिला प्रशासन के तत्वावधान में सांगानेर स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बालिकाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही, जिससे आयोजन प्रेरणादायी एवं सार्थक बन गया।

कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश डोगीवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा सक्षम जयपुर अभियान के तहत बालिकाओं को शिक्षित, सुरक्षित एवं सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बालिकाएं समाज की धुरी हैं और उनका सशक्तिकरण ही राष्ट्र के समग्र एवं सतत विकास की मजबूत आधारशिला है।

डॉ. डोगीवाल ने बालिकाओं से आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने, शिक्षा को प्राथमिकता देने तथा कौशल विकास एवं आत्मनिर्भरता को अपने जीवन का लक्ष्य बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सशक्त बालिका ही सशक्त परिवार, समाज और राष्ट्र का निर्माण कर सकती है।



इस अवसर पर उन्होंने राजस्थान सरकार द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा आर्थिक स्वावलंबन को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है तथा पात्र बालिकाओं को इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती संगीता शर्मा ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए कहा कि बालिका शिक्षा सामाजिक परिवर्तन की सबसे सशक्त कड़ी है। उन्होंने विद्यालय स्तर पर बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी।

इस अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग की ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उषा शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण, शिक्षकगण एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में जागरूकता बढ़ाना, उन्हें उनके अधिकारों के प्रति सजग करना तथा एक सशक्त, समान एवं समावेशी समाज के निर्माण की दिशा में प्रेरित करना रहा।

## फिर पाटन से आया पनीर, झाड़ोली की होटल से जब्त

**● हाईवे की होटलों में गुजरात से लगातार आ रहा मिलावटी पनीर ● स्वास्थ्य विभाग की टीम ने होटल में दबिश देकर पकड़ा**

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** जिले में गुजरात से मिलावटी पनीर आने का सिलसिला लगातार बना हुआ है। शुक्रवार को पिण्डवाड़ा क्षेत्र में झाड़ोली के समीप हाईवे की होटल से बड़ी मात्रा में पनीर जब्त किया गया। प्रथमदृष्टया मिलावटी पाया जाने से पनीर नष्ट करवा दिया। वहीं, होटल संचालक पर कार्रवाई की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराड़ी ने बताया कि झाड़ोली के समीप होटल सर्वोत्तम में मिलावटी पनीर आने की सूचना पर दबिश दी गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश प्रजापत व धर्मवीर रैगर के नेतृत्व में टीम ने यहां से करीब साठ किलो पनीर जब्त किया। यह पनीर होटल में खाद्य सामग्री बनाने के काम में लिया जा रहा था। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि पनीर पाटन से खरीदा गया था।

**पाटन से सिरोही आ रहा मिलावटी पनीर**

कुछ दिन पहले ही खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने सिरोही में कार्रवाई कर छह क्विंटल पनीर जब्त किया था। यह पनीर भी प्रथमदृष्टया मिलावटी पाया गया था। वैन में पनीर लेकर आए चालक ने बताया था कि यह माल पाटन-गुजरात से लाया गया था। वह इसे हाईवे की होटलों में आपूर्ति करने वाला था। इस बार हाईवे की होटल में ही पनीर पकड़ लिया, जो पाटन से लाना बताया।



**फोरलेन पर पकड़ी पनीर से भरी वैन**

उल्लेखनीय है कि गत दिनों टीम ने सिरोही में फोरलेन पर कार्रवाई कर एक वैन पकड़ी थी। इसमें पाटन निवासी थरादरा शहजाद सिद्दीकी के पास से करीब 600 किलो पनीर बरामद किया गया। मोबाइल लैब के जरिए जांच करने पर यह पनीर मिलावटी मालूम हुआ। इसके बाद जोधपुर लैब के लिए भी सैम्पल भेजे गए। बाद में तालाब किनारे गड्ढा खुदवाकर पनीर नष्ट कर दिया गया।

## जिला कलक्टर के नेतृत्व में कार्मिकों, खिलाड़ियों ने किया राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन

बढ़ता राजस्थान




**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला के दूसरे चरण में जिला कलक्टर डॉ. मंजू के नेतृत्व में अधिकारियों, कर्मचारियों, खिलाड़ियों सहित आमजन ने वंदेमातरम गीत का सामूहिक गायन किया। केंद्र और राज्य सरकार के निर्देशानुसार वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में जिला परिषद परिसर में आयोजित रंगोली का जिला कलक्टर डॉ. मंजू द्वारा अवलोकन करते हुए सेल्फी प्वांइट पर बालिकाओं के साथ सेल्फी ली गई। इसके पश्चात जिला परिषद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला कलक्टर, माननीय जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, अधिकारियों, कर्मचारियों सहित आमजन द्वारा सामूहिक वंदे मातरम् गायन किया गया। इसी क्रम में सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, आयुष चिकित्सालय, खेल विभाग की ओर से श्रीगंगानगर के महाराजा गंगासिंह स्टेडियम श्रीगंगानगर, हैंडबॉल स्टेडियम लालगढ़ जाटान, राजकीय स्टेडियम सूरतगढ़ और सादुलशहर सहित विभिन्न स्थानों पर खिलाड़ियों द्वारा सामूहिक वंदे मातरम् गायन किया गया।

## सुरों की मंडली के शाद उदयपुरी के म्यूजिक एल्बम का भव्य पोस्टर लॉन्च




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** उभरते हुए शायर-गायक-संगीतकार शशाद उदयपुरीश् के नवीनतम म्यूजिक एल्बम का पोस्टर लॉन्च कार्यक्रम भव्य रूप से अशोका पैलेस में संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर संगीत, साहित्य और कला जगत से जुड़े कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

एल्बम का पोस्टर मुकेश माधवानी एवं 'सुरों की मंडली' टीम की ओर से औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया। कार्यक्रम के दौरान शाद उदायपुरी के संगीत सफर, उनकी रचनात्मक सोच और एल्बम की भावनात्मक थीम पर भी प्रकाश डाला गया। उपस्थित अतिथियों ने एल्बम की प्रस्तुति और शाद उदायपुरी की संवेदनशील गायकी की सराहना की।

मुकेश माधवानी ने बताया कि यह म्यूजिक एल्बम प्रेम, अनुभूति और जीवन के विविध रंगों को सुरों में पिरोता है, जो श्रोताओं के दिलों को छूने की पूरी क्षमता रखता है।

शाद उदयपुरी के गीत आप सभी प्रमुख म्यूजिक प्लेटफॉर्म्स जैसे स्पोटीफाई,एप्पल म्यूजिक सहित अनेक पर आदि पर सुन सकते हैं। कार्यक्रम का समापन संगीत और कला के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ। क्यूआरकोड के जरिये आप सीधे शाद उदयपुरी के गानों को विभिन्न प्लेटफॉर्म पर सुन सकते हैं।

## ग्राम पंचायत 7 एसजेएम के स्कूल में बसंत पंचमी: मां सरस्वती की पूजा, बच्चों ने प्रस्तुत किए कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** बसंत पंचमी के अवसर पर राज्य सरकार के निर्देशानुसार राजकीय उच्च माध्यमिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल सात एसजेएम में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए प्रधानाचार्य कुलदीप बिश्नोई ने बताया कि प्रातः 10.00 बजे मेगा पीटीएम आयोजित की गई विभिन्न परिणामों पर अभिभावकों से चर्चा की गई इसके उपरांत मां सरस्वती की वंदना एवं पूजन कर लड्डू एवं बर्फी का प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत गाया गया एवं कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला गया विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों एवं अभिभावकों को कृष्णा भोग के अंतर्गत भोजन कराया गया तथा पंचायत स्तरीय निपुण मेले का आयोजन किया गया कक्षा 1 से 5 के बालकों में गणित भाषा कौशल रिश्ते नाते



कविता एवं कहानी प्रदर्शन प्रतियोगिताओं में भाग लिया शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के उद्देश्य से नींबू दौड़ चेयर रेस जलेबी दौड़ देसी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें छात्र छात्राओं द्वारा उत्साह से भाग लिया गया विजेता छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए कार्यक्रम में वॉइस प्रिंसिपल जाकिर हुसैन अध्यापक मुकेश कुमार अध्यापक दीपक शर्मा अध्यापक राकेश कुमार अध्यापक विनोद कुमार अध्यापक मोहनलाल अध्यापक बलवंतसिंह अध्यापक रविंद्र कुमार अध्यापक विजय कुमार अध्यापक कश्मीर सिंह अध्यापिका वीणा अध्यापिका मंजू अध्यापक बब्बू सिंह अध्यापक अशोक कुमार शारीरिक शिक्षक मुखविंदर सिंह अध्यापक राजेंद्र कुमार ने निर्णायक की भूमिका का निर्वाहन किया कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य कुलदीप बिश्नोई द्वारा किया गया

# मधुमक्खी पालन से किसानों की आय होगी दोगुनी, राजस्थान बनेगा शहद उत्पादन का हब-कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर, (का.स.)।** कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने कहा कि प्रदेश के किसानों और पशुपालकों के आर्थिक विकास एवं सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों में नवीन तकनीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाएं, जिससे आय में वृद्धि हो और किसान आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। डॉ. किरोड़ी लाल शनिवार को कृषि प्रबंध संस्थान, दुर्गापुर (जयपुर) में आयोजित 'हाई वैल्यू मधुमक्खी उत्पादनः तकनीकी, वर्तमान परिदृश्य, भविष्य एवं संभावनाएं' विषयक दो दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश का किसान मेहनती और ईमानदार है तथा कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों में नवाचार के जरिए राजस्थान को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से किसान तेजी से प्रगतिशील बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि आईसीएआर के अनुसार मधुमक्खी पालन से संबंधित क्षेत्रों में फसलों की पैदावार में 20 से 25 प्रतिशत तक वृद्धि होती है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान विशाल भौगोलिक क्षेत्र वाला प्रदेश है, जहां जंगली और कृषि दोनों प्रकार की वनस्पतियों की व्यापक श्रृंखला उपलब्ध है। यहां मकरंद और पराग की प्रचुरता मधुमक्खी पालन के लिए प्रदेश को अत्यंत अनुकूल बनाती है। मधुमक्खी पालन अब किसानों के लिए आय का सशक्त स्रोत बन चुका है और किसान खेती के साथ शहद उत्पादन कर आय में वृद्धि कर रहे हैं।

डॉ. किरोड़ी लाल ने बताया कि देश के कुल शहद उत्पादन में राजस्थान की हिस्सेदारी 9 प्रतिशत है और प्रदेश देश के पांच अग्रणी शहद उत्पादक राज्यों में शामिल है। वर्तमान में प्रदेश में 3 हजार 350 मधुमक्खी पालकों के पास 2 लाख 76 हजार मधुमक्खी कॉलोनियां हैं, जिनसे लगभग 8 हजार 500 मीट्रिक टन शहद का उत्पादन हो रहा है। शहद उत्पादन में अलवर, भरतपुर और हनुमानगढ़ अग्रणी जिले हैं।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में राज्य सरकार द्वारा मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए 50 हजार मधुमक्खी कॉलोनियां एवं 50 हजार मधुमक्खी बॉक्स वितरित किए जा रहे हैं, जिन पर 40 प्रतिशत अनुदान के रूप में कुल 8 करोड़ रुपये की सहायता दी जा रही है।

पराग की अनुपलब्धता एवं अधिक तापमान की स्थिति में मधुमक्खी कॉलोनियों के माइग्रेशन हेतु राज्य के 1000 मधुमक्खी पालकों को 9 हजार रुपये प्रति पालक की दर से सहायता प्रदान की जा रही है। साथ ही, मधुमक्खी पालकों को वैज्ञानिक तरीके से शहद उत्पादन के प्रशिक्षण भी दिए जा रहे है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार द्वारा 2 करोड़ रुपये की लागत से 1000 मधुमक्खी पालकों को मधुमक्खी पालन किट वितरित की जा रही है।

कृषि मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत भरतपुर और टोंक जिलों में 10-10 करोड़ रुपये की लागत से मधुमक्खी पालन के उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों के माध्यम से मधुमक्खी पालकों को वैज्ञानिक प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन, गुणवत्ता युक्त कॉलोनियां, प्रसंस्करण, ब्रांडिंग, पैकेजिंग, विपणन एवं शहद की गुणवत्ता जांच जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियां पूर्ण-रोड शो में भारी उत्साह

बढ़ता राजस्थान



**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** स्थानीय केशव नगर में कल दिनांक 25 जनवरी को होने वाले केशव बस्ती के विराट हिंदू सम्मेलन में भाग लेने के लिए हिंदुओं में भारी उत्साह है। आयोजन समिति द्वारा बस्ती के प्रत्येक मोहल्ले के प्रत्येक सनातनी परिवार से संपर्क करने के लिए योजना बनाई है। प्रभात फेरी द्वारा जन जागरण एवं घर-घर संपर्क के द्वारा हर परिवार विराट हिंदू सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए उत्साहित है। आयोजन समिति द्वारा आज कलश एवं शौर्य यात्रा के मार्ग में रोड शो किया गया। रोड शो का शुभारंभ बालिका आदर्श विद्या मंदिर से होली दरवाजा, हरिजन मोहल्ला, बागासिक्यों की मोरी, बापू बाजार चौपड़, नया बाजार, सुभाष सर्किल होते हुए वापस केशव नगर पहुंचा। आयोजन समिति के संरक्षक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि विराट हिंदू सम्मेलन में संतों का आशीर्वाद, राष्ट्रवादी वक्ताओं द्वारा पंच प्रण पर व्याख्यान, आदर्श परिवारों का सम्मान तथा सामूहिक भारत माता की आरती की जावेगी। समिति अध्यक्ष योगेश सैनी ने अवगत करवाया कि सम्मेलन के प्रति सनातनियों का अपार उत्साह है। समिति सचिव अटल मेठी ने सम्मेलन स्थल संबंधी मंच व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, रेखांकन व्यवस्था, साज सज्जा व्यवस्था एवं अन्य सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया है। व्यवस्था प्रमुख शंकर जिंदल ने बताया कि मातृशक्ति ने कलश सज्जा एवं कलश यात्रा संबंधी संपूर्ण व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली है। बस्ती प्रमुख अजय सैनी ने कहा कि कल होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन कोई सफल बनाने के लिए बस्ती के बाल तरुण वृद्धि सभी लोग पूर्ण लगन से लगे हुए हैं।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया, पुलिसकर्मियों ने ली शपथ



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** जिला कोटपूतली-बहरोड़ पुलिस द्वारा शुक्रवार को 16 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस मौके पर एएसपी नाजिम अली खान द्वारा पुलिसकर्मियों को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुये देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुये, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुये बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई।

## वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता विषय पर कार्यशाला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के संयुक्त तत्त्वाधान में आत्मनिर्भर एवं समृद्ध भारत के लिये वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. उर्मिल महलावत ने राष्ट्रीय भावना एवं देशहित की प्रेरणा दी। उन्होंने सभी से राष्ट्रीय एकता और अखंडता को सुदृढ़ करने में भागीदार बनने के लिये प्रेरित किया। कार्यशाला में अक्षत शर्मा ने निवेशक के तौर पर वित्तीय निवेश के विभिन्न विकल्पों की जानकारी दी। वित्तीय धोखाधड़ी एवं जोखिमों से परिचित करवाया। संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संदीप कुमार आर्य ने किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शुभलता यादव ने आभार व्यक्त किया। कार्यशाला का समापन राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस दौरान प्रो. हरिराम धनेटिया, प्रो. शोभा जौहरी, प्रो. पदमा मीणा, प्रो. ज्योति पाठक, प्रो. बबीता, प्रो. सज्जन सिंह यादव, प्रो. आलेख कौड़िन्य, प्रो. योगेश कुमार यादव, प्रो. सुभाष यादव, प्रो. सुधीर यादव एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## शपथ ग्रहण समारोह में नवीन कार्यकारिणी ने संभाला पदभार




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** मुख्य अतिथि ताम्बी ने अध्यक्ष रमेशचंद गुप्ता (धामाणी) को शपथ दिलाई। इसके साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश खुटेटा, उपाध्यक्ष ऋषि धामाणी, महामंत्री नंदकिशोर वैद, कोषाध्यक्ष हेमचंद्र पाबुवाल तथा कार्यकारिणी सदस्य सचिन गुप्ता, नरेश खंडेलवाल, विकास खंडेलवाल, विष्णु कुलवाल, राधामोहन पितलिया, महेश दुसाद, कृष्णमुरारी ओद, राजेंद्र खंडेलवाल, उमेश कुलवाल, मुकेश झालाणी, राजेश बुसर एवं नरेंद्र ताम्बी को भी शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में संस्था संस्थापक रमेश आकड़, पूर्व अध्यक्ष सुरेश कुमार वैद, पूर्व महामंत्री श्याम ताम्बी, बाबूलाल गुप्ता, राधेश्याम बंब, गोपालकृष्ण कुलवाल, मालीराम बटवाडा, अशोक दुसाद, संजय ताम्बी, सुरेश वैद, निवारू गोपाल महरवाल, राजकुमार खुटेटा, संतोष कायथवाल, चंद्रप्रकाश कायथवाल एवं खक बाबा धाम विकास समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष पुरुषोत्तम गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष रमेशचंद गुप्ता ने समाज के सर्वांगीण उत्थान के लिए सभी को साथ लेकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

## रेलवे सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

### यात्रियों की सुविधाओं के लिए अनेक प्रस्ताव दिए

बढ़ता राजस्थान



**रींगस (नि.स.)।** रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति की बैठक शनिवार सुबह 11.30 बजे रेलवे जंक्शन अधीक्षक बाबूलाल बाजिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने यात्रियों की सुविधाओं के हेतु अनेक प्रस्ताव दिए। बैठक में रेलवे फाटक संख्या 107 एवं 108 के नीचे से अंडरपास बनाने प्रस्ताव रखा जिसने कहा गया कि रींगस शहर के अधिकांश सरकारी कार्यालय पूर्व में है तथा 30त्न आबादी पश्चिम में निवास करती है उन लोगों को पश्चिम से पूरब मैं जाने के लिए एकमात्र साधन रेलवे ओवर ब्रिज है जिसमें भारी ट्रैफिक रहता है इसलिए फाटक संख्या 107 एवं 108 के नीचे अंडरपास की सख्त आवश्यकता है क्योंकि शहर का का सबसे बड़ा शमशान धाम भेरुजी मोक्ष धाम है। जहां पर शव यात्रा लेकर जाना बहुत ही मुश्किल कार्य हो गया है इसलिए अंडरपास की अति शीघ्र विशेष जरूरत महसूस की जा रही है। रेलवे जंक्शन पर यात्रियों को बैठने के लिए पर्याप्त बेंच की व्यवस्था नहीं है अतः स्टेशन पर और अधिक बेंच लगाई जाए जिससे यात्रियों को बैठने की सुविधा मिल सके। अन्य प्रस्ताव के तहत जयपुर में लंबी दूरियों की गाड़ी जो काफी देर तक खड़ी रहती है उन्हें स्टेबलिंग की समस्या रहती है। उन ट्रेनों को वाया रींगस होकर बीकानेर, हिसार, गंगानगर, दिल्ली, कटरा ,एवं हरिद्वार तक कर दिया जाए तो जहां रेलवे को राजस्व मैं बढ़ोतरी होगी वही श्याम यात्रियों की संख्या में वृद्धि होगी तथा उन्हें सुविधा मिलेगी। वही एक प्रस्ताव में कहा कि शहर के यात्रियों में 50त्न यात्री द्वितीय द्वारा से प्रवेश करते हैं इसलिए उनकी सुरक्षा के लिए एफ ओ बी पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्रस्ताव रखा। तथा मुख्य रेलवे स्टेशन पर एवं द्वितीय प्रवेश द्वार पर रिटायरिंग रूम डॉरमेट्री, स्नानघर आदि आधुनिक सुविधाएं यात्रियों को उपलब्ध कराई जाए। जिससे स्टेशन पर आने वाले श्याम यात्रियों को सुविधा मिल सके। इस अवसर पर सुखदेव सिंह, आरपी वर्मा, मोहनलाल कुमावत,नगर पालिका उपाध्यक्ष अमित शर्मा, ओम प्रकाश कुमावत, गोविंद शर्मा, बसंत कुमावत सहित रेलवे सलाहकार समिति के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

## जेडीसी ने किया द्रव्यवती नदी परियोजना का दौरा

### द्रव्यवती नदी परियोजना के दोनों ओर स्थित भूमि का होगा विकास, दोनों ओर की कालोनियों की कनेक्टिविटी हेतु बनाए जाएंगे कलवर्ट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** जयपुर शहर में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और यातायात को सुगम बनाने की दिशा में जयपुर विकास प्राधिकरण ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। जयपुर विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने शनिवार को द्रव्यवती नदी परियोजना का दौरा किया और परियोजना के दोनों ओर स्थित भूमि के विकास तथा आसपास की कॉलोनियों की कनेक्टिविटी को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जेडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि द्रव्यवती नदी के दोनों ओर स्थित जेडीए की रिक्त भूमि का विधिक परिक्षण करते हुए उसके सदुपयोग हेतु कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि इस भूमि पर मैरिज गार्डन, स्पोर्ट्स एक्टिविटी जोन (बैडमिंटन कोर्ट, लॉन टेनिस कोर्ट एवं अन्य गतिविधियां) और अन्य जनसुविधाओं के विकल्प तलाशे जाएं। इससे न केवल यह सुनिश्चित होगा कि भूमि जेडीए के कब्जे में रहे, अतिक्रमण मुक्त रहे, साफ रहे बल्कि आमजन को मूलभूत और सामाजिक सुविधाएं भी उपलब्ध हो सकेंगी। दौरे के दौरान जेडीसी ने परियोजना एवं करतारपुरा जैसे अन्य नालों के दोनों ओर बसी हुई कॉलोनियों के निवासियों की समस्याओं का संज्ञान भी लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि द्रव्यवती नदी की तरह अन्य बड़े नालों के दोनों ओर स्थित कॉलोनियों को जोडऩे हेतु कलवर्ट का निर्माण करने के भी प्रयास किए जाए।

## सातवीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** शनिवार को पार्षद प्रत्याशी बजरंग लाल कुमावत नगर परिषद चौमूं की माता की सातवीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 20 जनों ने रक्तदान किया। पुण्यतिथि पर पक्षी सेवा करने वाले घनश्याम कुमावत को एक 750 लीटर की टंकी और 100 किलो अनाज पक्षियों के लिए पुण्यतिथि पर दिया गया। रक्तदान शिविर में चौमू के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा मौजूद रहे। साथ में बजरंग कुमावत के पिताजी चौथमल कुमावत भी वहां मौजूद रहे। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, पूर्व पार्षद राजेंद्र कुमावत, निवर्तमान पार्षद संदीप शर्मा, पंचायत समिति के पूर्व सदस्य अर्जुन यादव, पूर्व पार्षद धर्मेंद्र गवारिया, महेंद्र कुमावत, तनिष्क कुमावत, हितांश कुमावत आदि मौजूद रहे।

## शिवालय व श्री जीण माता मंदिर के निर्माण का भव्य शुभारंभ

### विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ रखी गई मंदिर की नींव, ग्रामीणों ने लिया जल्द निर्माण का संकल्प

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के नगर परिषद वार्ड संख्या 6 स्थित ढाणी ज्यादावाली में धार्मिक उल्लास के साथ शिवालय व श्री जीण माता मंदिर के निर्माण कार्य का भव्य शुभारंभ किया गया। इस धार्मिक आयोजन से संपूर्ण क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया।विधि-विधान से हुआ पूजन कार्यक्रम के दौरान विद्वान शास्त्री विजय शर्मा द्वारा शास्त्रोक्त विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नींव पूजन एवं मुहूर्त संपन्न कराया गया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ उठाया और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। भामाशाहों ने दिखाया उत्साह मंदिर निर्माण के पुनीत कार्य में स्थानीय निवासियों और भामाशाहों ने बढ़-चढक़र सहयोग की घोषणा की। ग्रामीणों द्वारा दिए गए इस स्वैच्छिक योगदान की वार्डवासियों ने मुक्तकंठ से सराहना की। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर मंदिर निर्माण को शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण कराने का सामूहिक संकल्प लिया।इस मौके किशोर सैनी,पवन कुमार सैनी, मन्ना लाल सैनी, भोलाराम सैनी, मांगेलाल सैनी, हरचंद सैनी, फूलचंद सैनी,बाबूलाल सैनी, रामावतार सैनी, ताराचंद सैनी, मोहन सैनी, घनश्याम सैनी बद्री प्रसाद, सरदारराम सैनी, सुगन हलवाई, फूलचंद हलवाई, हंसराज सैनी,हनुमान, दुर्गाप्रसाद सैनी,मंगलराम सैनी, सुन्दर सैनी,ओमी, बुलाराम सैनी,गुरुजी सुभाषचन्द सैनी, कैलाश सैनी, प्रकाश सैनी, चौथमल सैनी, राजू सैनी,राजेश सैनी, मुकेश सैनी, सुरेश सैनी, पत्रकार बिल्लूराम सैनी,खेमचंद, कृष्ण, हंसराज सैनी, जयसिंग सैनी, करण, विक्की, विक्रम सैनी, जीतू माली, हेमंत, संदीप बागड़ी, तरुण, योगेश बागड़ी, समीर, मोहित, जीतेंद्र, प्रवीण, अक्षय सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण व युवा उपस्थित रहे।

**कोटपूतली में मावठ का असरः 24 घंटे में 12 एमएम बारिश दर्ज**

## शीतकालीन वर्षा से बढ़ा पाले का खतरा; कृषि विशेषज्ञों ने दी बचाव की सलाह

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** क्षेत्र में हुई मावठ (शीतकालीन वर्षा) और सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। बीते 24 घंटों में क्षेत्र में 12 एमएम बारिश दर्ज की गई है, जिससे तापमान में गिरावट आई है और जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार 27 जनवरी तक सर्दी से राहत मिलने की संभावना कम है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार यह मावठ किसानों के लिये लाभकारी मानी जा रही है। बारिश से खेतों में नमी बढ़ेगी, जिससे दीमक जैसे कीटों का असर कम होगा। साथ ही रबी फसलों की बढ़वार बेहतर होगी और उत्पादन बढऩे की उम्मीद है। हालांकि बारिश के बाद अब कड़ाके की शीतलहर और पाले का खतरा बढ़ गया है। पाले की आशंका को लेकर किसान चिंतित हैं, क्योंकि इससे फसलों को नुकसान हो सकता है। इसी को देखते हुये कृषि विभाग ने किसानों को समय रहते सावधानी बरतने की सलाह दी है। कृषि उपनिदेशक डॉ. रामजीलाल यादव ने बताया कि पाले की आशंका होने पर रात के समय खेत की मेड़ों पर 6 से 8 स्थानों पर कचरा, खरपतवार या घास-फूस जलाकर धुआं करना चाहिये। इससे खेत का तापमान गिरने से बचेगा और पाले का असर कम होगा। उन्होंने यह भी बताया कि शाम के समय हल्की सिंचाई करने से मिट्टी का तापमान संतुलित रहता है, जिससे फसल को नुकसान से बचाया जा सकता है।

### ठंडी हवाओं से बचाव के लिये मेड़ों पर करें व्यवस्था

डॉ. यादव के अनुसार शीतलहर आमतौर पर उत्तर-पश्चिम दिशा से आती है। ऐसे में खेत के उत्तर-पश्चिम किनारे की मेड़ पर कटी हुई झाड़ियां या सरसों जैसी ऊंची फसलें लगाने से पौधों को ठंडी हवा से बचाया जा सकता है।

### छिडक़ाव से मिलेगी फसलों को सुरक्षा

कृषि उपनिदेशक ने बताया कि पाले की स्थिति में सल्फ्यूरिक एसिड का 0.1 प्रतिशत घोल या थायोरिया 500 पीपीएम का छिडक़ाव करने से फसलों को नुकसान से बचाया जा सकता है। नर्सरी, किचन गार्डन और छोटी सब्जियों की फसलों को रात में प्लास्टिक शीट या पुआल से ढक़ना चाहिये और सुबह होते ही हटा देना चाहिये।

विशेषज्ञों के अनुसार पाले का सबसे अधिक असर सरसों के फूल और फलियों तथा जीरे की फसल पर पड़ता है।

इन फसलों को इस मौसम में अतिरिक्त देखभाल की जरूरत है, ताकि उत्पादन पर कोई नकारात्मक असर ना पड़े।

## सम्पादकीय

# दूषित पेयजल का कहर, सबक सीखने को तैयार नहीं प्रशासन

इंदौर के भागीरथपुरा के बाद इसी जिले के महू में भी दूषित पेयजल से करीब 30 लोगों के बीमार होने की खबर यही बता रही है कि शासन-प्रशासन जरूरी सबक सीखने को तैयार नहीं। होना तो यह चाहिए था कि भागीरथपुरा में दूषित पेयजल से 25 से अधिक लोगों की मौत और उसके चलते सबसे स्वच्छ शहर का दर्जा रखने वाले इंदौर के प्रशासन की बदनामी के बाद राज्य भर में इसके लिए चौकसी बरती जाती कि कहीं पर भी दूषित पेयजल की आपूर्ति न होने पाए, लेकिन महू का मामला यही बता रहा है कि ऐसा नहीं किया गया। यह जन स्वास्थ्य की गंभीर उपेक्षा है। दूषित पेयजल के मामले में केवल इंदौर की ही बात नहीं की जानी चाहिए। देश के तमाम शहरों में पेयजल की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठते ही रहते हैं। इन सवालों की तब तक अनदेखी होती रहती है, जब तक लोग दूषित जल के कारण गंभीर रूप से बीमार न हो जाएं या फिर भागीरथपुरा की तरह काल के गाल में न समा जाएं। इसकी अनदेखी न की जाए कि पिछले कुछ समय में नोएडा, गांधीनगर समेत देश के कई शहरों में दूषित पेयजल की आपूर्ति के मामले सामने आ चुके हैं। इन मामलों की व्यापक चर्चा इसलिए हो सकी, क्योंकि भागीरथपुरा का मामला सतह पर आ चुका था। यह किसी से छिपा नहीं कि अपने देश में पेयजल के साथ अन्य नागरिक सुविधाओं की गुणवत्ता अपने दोयम स्तर के लिए ही जानी जाती है। नगर निकाय और राज्य सरकारें पेयजल की गुणवत्ता को लेकर चाहे जो दावा करें, सच यह है कि देश के बड़े हिस्से में पेजयल की गुणवत्ता ठीक नहीं। नीति आयोग का एक अध्ययन यह कहता है कि दूषित पेयजल के कारण प्रति वर्ष करीब दो लाख लोग मरते हैं। नीति आयोग ने यह भी पाया था कि देश में 70 प्रतिशत जल स्रोत दूषित हैं। लोग दूषित पेयजल पीने को इसलिए विवश हैं, क्योंकि नगर निकायों में जनता का प्रतिनिधित्व करने और पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने वाले अधिकारी अपने दायित्वों के प्रति लापरवाह हैं। आम तौर पर वे दूषित पेयजल आपूर्ति की शिकायतों को एक कान से सुनकर दूसरे से निकाल देते हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि वे अपनी दायित्वहीनता के लिए कभी दंड के पात्र नहीं बनते। अपने यहां एक बुरी प्रवृत्ति यह भी है कि दूषित पानी की आपूर्ति अथवा अन्य नागरिक सुविधाओं में कमी की खबर सामने आते ही शासन-प्रशासन की ओर से सबसे पहला काम इन खबरों को गलत साबित करने का होता है। नतीजा यह है कि दूषित पेयजल के कारण लोग बीमार होते रहते हैं या



फिर पेयजल खरीद कर पीते हैं अथवा पानी को पीने योग्य बनाने के लिए तरह-तरह के उपकरणों का इस्तेमाल करते हैं। अच्छा हो कि हमारे नीति-नियंता खुद से यह सवाल करें कि क्या विकसित होते भारत में जनता शुद्ध पेयजल की भी अपेक्षा न करे?

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 25 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 2015 - मिस कोलम्बिया पोलिना वेगा वर्ष 2014 की मिस यूनिवर्स बनीं।

2010 - इराक की राजधानी बगदाद में तीन मिनी बसों में बम विस्फोट के जरिए होटलों को निशाना बनाया गया। इनमें कम से कम 36 व्यक्ति मारे गए और 71 अन्य घायल हो गए।

2009- केन्द्र सरकार ने पद्मश्री व पद्मभूषण पुरस्कारों की घोषणा की।

2008 -उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री मायावती ने गंगा-एक्सप्रेस वे परियोजना को मंज़ूरी प्रदान की।

सरकार ने 13 लोगों को वर्ष 2008 के प्रतिष्ठित नागरिक अलंकरण पद्म विभूषण से सम्मानित करने की घोषणा की।

2006 - लिट्टे प्रमुख प्रभाकरन जिनेवा में वार्ता के लिए सहमत।

2005 - महाराष्ट्र के सतारा स्थित एक देवी के मंदिर में भगदड़? मचने से 300 से अधिक मरे।

2004 - अंतरिक्ष यान ऑपर्च्युनिटी मंग्रल ग्रह पर सफलतापूर्वक उतरा।

2003 - चीन के लोकतंत्र समर्थक नेता फेंग जू को देश निकाला दिया गया।

2002-अर्जुन सिंह भारतीय वायु सेना के पहले 'एयर मार्शल' बने।

दो अमेरिकी सांसदों सहित 98 को पद्म सम्मान दिये जाने की घोषणा की।

1994 - तुर्की का प्रथम दूरसंचार उपग्रह 'तुर्कसैट प्रथम' अटलांटिक महासागर में गिरा।

1992 - रूस के राष्ट्रपति बोरिस येल्त्सिन ने अमेरिकी शहरों को लक्ष्य करके तैनात परमाणु प्रक्षेपास्त्रों को हटाने की घोषणा की।

1991 - यूगोस्लाविया में तनाव दूर करने के लिए सर्बिया और क्रोएशिया के नेताओं की बैठक हुई।

1983 - आचार्य विनोबा भावे को भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा।

1980 - मदर टेरेसा को भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

1975 - शेख मुजीबुर्रहमान बांगला देश के राष्ट्रपति बने।

1971 - हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य घोषित किया गया।

1969 - अमेरिका और उत्तरी विएतनाम के बीच पेरिस में शांति वार्ता प्रारम्भ।

1959 - ब्रिटेन ने पूर्वी जर्मनी से व्यापार समझौता किया।

## विशेष आलेख

# 'सेवा में बाधा या व्यवस्था की असंवेदनशीलता?' 'रक्तदान जैसे पुण्य कार्य में व्यवस्था की रुकावट'



अनिल सिखवाल




**भारत विकास परिषद मुख्य शाखा ब्यावर द्वारा 26 जनवरी 2026 को आयोजित किए जाने वाले रक्तदान शिविर के संदर्भ में जो घटनाक्रम सामने आया, वह न केवल प्रशासनिक समन्वय की कमी को उजागर करता है, बल्कि सेवा कार्यों के प्रति व्यवस्था की असंवेदनशीलता पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करता है भारत विकास परिषद कोई नई संस्था नहीं है।**

नवगठित जिला ब्यावर में सामाजिक सरोकारों से जुड़े सेवा कार्यों की वास्तविक स्थिति क्या है, इसका एक चिंताजनक उदाहरण हाल ही में सामने आया है। भारत विकास परिषद मुख्य शाखा ब्यावर द्वारा 26 जनवरी 2026 को आयोजित किए जाने वाले रक्तदान शिविर के संदर्भ में जो घटनाक्रम सामने आया, वह न केवल प्रशासनिक समन्वय की कमी को उजागर करता है, बल्कि सेवा कार्यों के प्रति व्यवस्था की असंवेदनशीलता पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करता है भारत विकास परिषद कोई नई संस्था नहीं है। यह एक गैर-राजनीतिक, राष्ट्रव्यापी सामाजिक संगठन है, जो वर्षों से सेवा, समाज जागरण और संस्कार संवर्धन जैसे उद्देश्यों के साथ कार्य करता आ रहा है। परिषद द्वारा आयोजित यह रक्तदान शिविर उसका 64वां शिविर है, जो हर वर्ष राष्ट्रीय पर्व पर नियमित रूप से राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय के ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित होता रहा है। ऐसे में इसे किसी भी दृष्टि से आकस्मिक या अव्यवस्थित आयोजन नहीं कहा जा सकता दिनांक 1 जनवरी 2026 को विधिवत पत्र देकर शिविर स्थल की स्वीकृति मांगी गई और 9 जनवरी को सिटी डिस्पेंसरी, ब्यावर में रक्तदान शिविर आयोजित करने की अनुमति भी प्रदान कर दी गई। इसके बाद प्रचार-प्रसार, व्यवस्थाएं और तैयारियां शुरू हो गईं। लेकिन स्थल निरीक्षण के दौरान यह जानकारी मिलना कि उसी स्थान पर एक दिन पूर्व 25 जनवरी को किसी अन्य संस्था को भी रक्तदान शिविर की अनुमति दे दी गई है, अपने आप में प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर उदाहरण है रक्तदान शिविर जैसे संवेदनशील और व्यापक आयोजन के लिए स्थल का एक दिन पूर्व खाली होना अनिवार्य होता है। देर शाम तक चलने वाला शिविर, अगले दिन सुबह होने वाले शिविर की तैयारियों को लगभग असंभव बना देता है। यह तथ्य जानते हुए भी एक ही स्थान पर दो संस्थाओं को अनुमति देना और पहले से स्वीकृत संस्था को सूचित तक न करना, सेवा कार्य में सहयोग नहीं बल्कि सीधा असहयोग प्रतीत होता है जब इस विषय में ब्लड बैंक प्रभारी से जानकारी ली गई तो जिम्मेदारी पीएमओ कार्यालय पर डाल दी गई। यह जवाब व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही के अभाव को दर्शाता है। आखिर निर्णय किस स्तर पर लिया गया, और बिना समन्वय के ऐसा क्यों किया गया—यह आज भी एक प्रश्नचिह्न बना हुआ है सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि निस्वार्थ भाव से मानव सेवा करने वाली संस्थाओं को इस तरह की प्रशासनिक उलझनों का सामना करना पड़ रहा है। सेवा कार्यों में राजनीति या पक्षपात की झलक, चाहे वह वास्तविक हो या प्रतीत होने वाली, समाज के लिए घातक है। इससे न केवल संस्था का मनोबल टूटता है, बल्कि भविष्य में अन्य सामाजिक संगठन भी आगे आने से हिचकिचाएंगे।मजबूरन भारत विकास परिषद को पहले से तय और प्रचारित स्थल को बदलकर माहेश्वरी भवन, श्रद्धानंद बाजार, ब्यावर में शिविर आयोजित करना पड़ा। इससे न केवल अतिरिक्त आर्थिक और श्रम भार बढ़ा, बल्कि यह भी सिद्ध हुआ कि व्यवस्था की एक चूक का खामियाजा सेवा भाव से कार्य करने वालों को भुगतना पड़ता है।अब विचारणीय प्रश्न यह है कि जब नवगठित जिला ब्यावर में सामाजिक संस्थाओं के साथ ऐसा व्यवहार हो रहा है, तो भविष्य में समाजसेवा की निरंतरता कैसे बनी रहेगी? इसकी जिम्मेदारी किसकी है—प्रशासन की, संबंधित विभागों की, या उस सोच की जो सेवा को प्राथमिकता देने में असफल हो रही है?आवश्यक है कि प्रशासन इस पूरे प्रकरण से सबक ले, समन्वय और संवाद की स्पष्ट व्यवस्था बनाए तथा यह सुनिश्चित करे कि भविष्य में किसी भी सेवा कार्य में इस तरह का असहयोग न हो। क्योंकि यदि सेवा करने वालों के हाथ ही बांध दिए जाएंगे, तो समाज का रक्त कौन देगा और जिम्मेदारी कौन निभाएगा?

# कन्यादान नहीं, सम्मान चाहिए

*सम्मान किसी कैलेंडर की तारीख से तय नहीं होता, बल्कि वह समाज के दैनिक व्यवहार, सोच और निर्णयों में परिलक्षित होता है। भारतीय समाज में बालिका को लेकर एक विचित्र विरोधाभास दिखाई देता है।*



डॉ. प्रियंका सौरभ

आज विश्व बालिका दिवस मनाया जा रहा है। देश और दुनिया में इस अवसर पर अनेक कार्यक्रम, संगोष्ठियाँ और प्रतीकात्मक आयोजन हो रहे हैं। मंचों से बालिकाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तीकरण की बातें कही जा रही हैं। लेकिन यह प्रश्न बार-बार सामने आता है कि क्या किसी एक दिवस का आयोजन वास्तव में उस गहरी सामाजिक समस्या का समाधान कर सकता है, जो पीढियों से बालिकाओं के जीवन को प्रभावित करती आ रही है। सम्मान किसी कैलेंडर की तारीख से तय नहीं होता, बल्कि वह समाज के दैनिक व्यवहार, सोच और निर्णयों में परिलक्षित होता है। भारतीय समाज में बालिका को लेकर एक विचित्र विरोधाभास दिखाई देता है। एक ओर उसे देवी, शक्ति और लक्ष्मी का रूप कहकर पूजनीय माना जाता है, दूसरी ओर उसी बालिका के जीवन पर सबसे अधिक नियंत्रण और प्रतिबंध लगाए जाते हैं। जन्म से पहले चयन, जन्म के बाद भेदभाव और बड़े होते-होते अपेक्षाओं का बोझ—यह सब उसकी नियति का हिस्सा बना दिया जाता है। पूजा और अधिकार के बीच की यह दूरी यह स्पष्ट करती है कि हमारे सामाजिक मूल्यों में अभी भी गहरी असंगति मौजूद है। बालिका के जीवन में असमानता केवल व्यवहार तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वह भाषा, परंपराओं और संस्कारों के माध्यम से भी पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ती है। इन्हीं परंपराओं में एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील शब्द है— कन्यादान। दान का अर्थ है किसी वस्तु को सौंप देना, लेकिन बेटी कोई वस्तु नहीं है। वह एक स्वतंत्र व्यक्तित्व है, जिसकी अपनी चेतना, इच्छा और भविष्य है। ऐसे में विवाह के समय उसका 'दान' किया जाना न केवल भाषा की समस्या है, बल्कि सोच की भी गंभीर समस्या है। विवाह भारतीय समाज में एक महत्वपूर्ण सामाजिक संस्कार माना जाता है। लेकिन संस्कार वही सार्थक होता है, जो समानता और सहमति पर आधारित हो। कन्यादान की अवधारणा पिता को दाता और बेटी को दान बना देती है, जिससे असमानता का भाव स्वतः स्थापित हो जाता है। इसके विपरीत पाणिग्रहण जैसी अवधारणा साझेदारी और स्वीकार का भाव देती है। समय की माँग है कि समाज भाषा के साथ-साथ उस सोच पर भी पुनर्विचार करे, जो इन शब्दों के पीछे छिपी हुई है। दुखद तथ्य यह है कि आज भी देश के अनेक हिस्सों में बालिकाओं से उनके जीवन के सबसे महत्वपूर्ण निर्णयों में औपचारिक रूप से भी राय नहीं ली जाती। शिक्षा, विवाह और करियर जैसे विषयों पर अंतिम निर्णय परिवार या समाज द्वारा लिया जाता है। बालिका से अपेक्षा की जाती है कि वह परिस्थितियों को स्वीकार करे और चुपचाप निभाए। यह चुप्पी धीरे-धीरे उसके जीवन का स्थायी हिस्सा बन जाती है और संघर्ष का रूप ले लेती है। बालिका का संघर्ष बचपन से ही आरंभ हो जाता है। कभी संसाधनों की कमी के रूप में, कभी सुरक्षा के नाम पर लगाए गए प्रतिबंधों के रूप में। उसे हर चरण पर स्वयं को सिद्ध करना पड़ता है, फिर भी उस पर संदेह किया जाता है। समाज उससे त्याग, सहनशीलता और समर्पण की अपेक्षा करता है, लेकिन बदले में उसे समान अधिकार देने से कतराता है।

## लघु कथा

बढ़ता राजस्थान

### गाय की रोटी



कल जब शर्मा जी शाम को घूम कर लौट रहे थे तो उन्होंने देखा कि एक गाय दो बछड़ों के साथ एक घर के दरवाजे पर खड़ी थी ,घर की मालकिन ने एक रोटी लाकर बछड़े को देने की कोशिश की तो गाय ने बछड़े को धकिया कर खुद रोटी खाने लगी। शर्मा जी ने देखा कि वह गाय हर घर में जाती और खुद रोटी खाती पर बछड़ों को दूर कर देती। शर्मा जी का मन बहुत भारी हो गया, सोचने लगे कि देखो कलियुग आ गया। गाय जिसे हम सबसे ज्यादा परोपकारी मानते हैं, वह भी कलियुग के प्रभाव में अपने बछड़ों को भूखा रखकर खुद रोटी खा रही है। कुछ देर बाद जब शर्माजी बाजार के लिए निकले तो उन्होंने देखा कि वो दोनों बछड़े अपनी माँ का दूध पी रहें हैं और वह गाय बड़े दुलार से उन्हें चाट रही है। शर्मा जी को सारा मामला समझ में आ गया। शर्मा जी जब उसके बाजू से निकले तो जैसे गाय उनसे कह रही हो 'क्यों शर्मा जी, अब समझ में आया कि वो सारी रोटी मैं क्यों खाती थी? ...ताकि हम तीनों जीवित रह सकें, मेरे दूध से मेरे दोनों बछड़े पल रहे हैं। अगर मैं रोटी नहीं खाती तो ये दूध कहाँ से निकलता और मेरे बच्चे कैसे पलते?' शर्मा जी की आँखों में अब गाय और उसकी समझदारी के लिए अनन्य प्रेम भाव था।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# इन लोगों को गलती से भी नहीं खाना चाहिए खीरा! फायदे की जगह भुगतने पड़ सकते हैं ये गंभीर नुकसान

**1.** साइनसाइटिस और कफ के मरीज - खीरे की तासीर प्राकृतिक रूप से ठंडी होती है। यदि आप पहले से ही साइनसाइटिस, सर्दी-खांसी या दमा जैसी सांस संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं, तो खीरा आपकी परेशानी को बढ़ा सकता है। यह शरीर में कफ को जमा करता है, जिससे गले में संक्रमण और नाक बंद होने की समस्या बढ़ सकती है।

**2.** किडनी की बीमारी से पीडि़त लोग -खीरे में पोटेशियम की मात्रा काफी अधिक होती है। स्वस्थ शरीर के लिए पोटेशियम जरूरी है, लेकिन खराब किडनी वाले लोगों के लिए यह घातक हो सकता है। जब किडनी ठीक से काम नहीं करती, तो वह अतिरिक्त पोटेशियम को शरीर से बाहर नहीं निकाल पाती , जिससे मांसपेशियों में कमजोरी और दिल की धडक़न बिगडऩे का खतरा रहता है।

**3.** कमजोर पाचन और पेट फूलने की समस्या खीरे में 'कुकुर्बिटासिन' नामक एक तत्व पाया जाता है, जो इसे हल्का कड़वा बनाता है।

यह तत्व संवेदनशील पेट वाले लोगों में बदहजमी, गैस और पेट फूलने का कारण बनता है। अगर आपको अक्सर अपच की शिकायत रहती है, तो खीरा आपके मेटाबॉलिज्म को और धीमा कर सकता है।

**4.** गर्भवती महिलाएं हालांकि खीरा सुरक्षित है, लेकिन गर्भावस्था के दौरान इसके अधिक सेवन से परहेज की सलाह दी जाती है। खीरा पेशाब को बढ़ाता है, जिससे गर्भवती महिला को बार-बार टॉयलेट जाना पड़ सकता है, जो उनके लिए असहज होता है। साथ ही, इसमें मौजूद फाइबर से गर्भावस्था के दौरान पेट में ऐंठन या गैस की समस्या हो सकती है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको अपने आसपास में हो रहे वाद-विवादों से दूरी बनाकर रखनी होगी। नौकरी की तलाश में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं।

### वृष
आज आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। आप अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए जो काम करेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला रहेगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। आपको अपने कामों को पूरा करने के लिए मेहनत जारी रखनी होगी।

### कर्क
आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आप आज कोई फैसला बहुत ही समझदारी से लें। पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर निपटाएं। किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी की यदि आप योजना बना रहे थे।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको कामों में अच्छे सफलता हासिल होगी। आप किसी दूसरे पर डिपेंड नहीं रहेंगे।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए किसी बड़े प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए रहेगा। आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें और वाहनों का प्रयोग आप थोड़ा सावधान रहकर करें।

### तुला
आज का दिन आपके लिए सावधान रहकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपके विरोधी सतर्क रहेंगे, जो आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

### वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको अपने पारिवारिक खर्चों पर पूरा ध्यान देना होगा। सेहत आपकी नरम गरम रहेगी, जिसको लेकर एहतियात बरतनी होगी।

### धनु
आज का दिन आपके लिए प्रभाव और प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। सरकारी कामों को करने की योजना बना सकते हैं। आपको अपने किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती हैं।

### मकर
आज आपकी कोई अधूरी इच्छा पूरी हो सकती हैं और आप अपनी आय को बढ़ाने के लिए मेहनत में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। आपके बॉस पर आपसे काफी खुश रहेंगे, लेकिन वाहनों का प्रयोग आप जल्दबाजी में ना करें।


### कुंभ
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको किसी नए काम को करना बेहतर रहेगा। आपके रिश्तेदारों से आपका किसी बात को लेकर वाद-विवाद छिड़ सकता है।

### मीन
आज आपके मन में कुछ संशय रहने के कारण उलझनों का सामना करना पड़ेगा। आपकी कोई डील भी फाइनल होते-होते लटक सकती हैं। कार्यक्षेत्र में आपके साथी आपको तनाव दे सकते हैं।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन सोमवार को

**बढ़ता राजस्थान**

**देवली (गोविंद सिंह सेठी) ।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य विराट हिन्द सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सोमवार को देवली के अटल उद्यान ( टीन शेड) मे होगा। विराट हिन्द सम्मेलन महावीर बस्ती द्वारा करवाया जा रहा है जो स्थनीय अटल उद्यान के टीन शेड में दोपहर 12.00 बजे से आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम के आयोजक अशोक कुमार दुबे ने जानकारी में बताया कि उक्त समारोह में सभी हिन्द समाज को आमंत्रित किया गया है कार्यक्रम में श्रमण मुनि 108 श्री प्रणीत सागर महाराज एवं श्री श्री मनीष दास जी महाराज का संत सानिध्य प्राप्त होगा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हिन्द सम्मेलन कर समाज में सामाजिक समरसता एवं पंचपरिवर्तन के उद्देश्य से जैसे की सामाजिक समरसता,कुटुंब प्रबोधन,स्व का भाव ,पर्यावरण, नागरिक कार्याब्य यही पंचपरिवर्तन करना हिन्द सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य है।


श्रमण मुनि 108 श्री प्रणीत सागर जी महाराज

## कलेक्ट्रेट से निकलेगी आज मतदाता जागरूकता पदयात्रा

**बढ़ता राजस्थान**

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर युवाओं एवं आमजन को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 25 जनवरी (रविवार) को जिला कलक्टर काना राम के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के माय भारत मुख्यालय के निर्देशानुसार किया जा रहा है। पदयात्रा का शुभारंभ प्रात: कलेक्ट्रेट से होगा, जो आंबेडकर सर्कल, शर्मा होटल के सामने से होते हुए टोंक बस स्टैंड मार्ग से मानटाउन गर्ल्स स्कूल पर समापन करेगी। पदयात्रा में युवाओं, विशेषकर प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाताओं पर विशेष फोकस रहेगा। कार्यक्रम की थीम 'माय भारत, माय वोट' के अंतर्गत लोकतांत्रिक सहभागिता को बढ़ावा देने का संदेश दिया जाएगा। पदयात्रा के दौरान चुनिंदा प्रथम बार के मतदाताओं का सम्मान भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग, कॉलेज शिक्षा विभाग, माय भारत, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट एवं गाइड, खेल विभाग तथा भारतीय खेल प्राधिकरण से जुड़े सैकड़ों स्वयंसेवक सहभागिता करेंगे।

## भरतपुर मंडल स्काउटर गाइडर एडवांस कोर्स 27 जनवरी से

**बढ़ता राजस्थान**

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भारत स्काउट गाइड की 75वीं वर्षगांठ के तहत राज्य सरकार की घोषणा अंतर्गत राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड वार्षिक कार्यक्रम अनुसार 27 जनवरी से 2 फरवरी 2026 तक मण्डल प्रशिक्षण केंद्र हाउसिंग बोर्ड, सवाई माधोपुर में कब यूनिट लीडर, स्काउट यूनिट लीडर, रोवर लीडर, फ्लॉक लीडर, गाइड कैप्टन स्काउटर गाइडर एडवांस कोर्स आयोजित होंगे। सहा. राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) भरतपुर गिरिराज प्रसाद गर्ग एवं सी. ओ. गाइड दिव्या के अनुसार यूनिट लीडर योग्यता वृद्धि के अंतर्गत बेसिक कोर्स प्रशिक्षित स्काउटर, गाइडर एडवांस कोर्स प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं इसके लिए बेसिक कोर्स के बाद 6 माह की अवधि पूर्ण तथा नियुक्ति पत्र प्राप्त किया जाना आवश्यक होता है। मंडल स्तर पर यह प्रशिक्षण शिविर स्काउट गाइड वन सवाई माधोपुर में आयोजित किया जा रहा है जिसमें शिविरकला, मैपिंग, दक्षताबैज, नागरिक सुरक्षा, पायनियरिंग, आपदा प्रबंधन, प्राथमिक सहायता आदि प्रशिक्षण दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया जाएगा।

## गुंसी में ग्राम उत्थान शिविर आज

**बढ़ता राजस्थान**

**निवाई/गुंसी।** राज्य सरकार के आदेशानुसार 25 जनवरी को भारत निर्माण सेवा केंद्र गुंसी में गिरदावर सर्किल मूंडिया, चनानी, हनौतिया बुजुर्ग एवं गुंसी पंचायत का ग्राम उत्थान शिविर का आयोजन किया जाएगा। गुंसी सचिव मुकेशकुमार मीणा ने बताया कि शिविर में सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहकर आमजन के कार्य व योजनाओं से संबंधित कार्य संपादित करेंगे।

## रक्तदान शिविर आज

**बढ़ता राजस्थान**

**निवाई (का.स.)।** पंछी फाउंडेशन संस्थान के तत्वावधान में श्याम मंदिर में 25 जनवरी को आठवां विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। फाउंडेशन के प्रतिनिधि आशु बड़ागांव ने बताया कि शिविर में सैंकड़ों रक्तदाता रक्तदान करेंगे। जिनको पंछी फाउंडेशन संस्थान द्वारा प्रशस्ति-पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा।

## गौ हत्या करने के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**बढ़ता राजस्थान**

**सिरस (नि.स.)।** गौ सेवा समिति जिलाध्यक्ष हनुमान चौधरी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन भेजकर गांव मोहम्मदपुरा के जंगल में आटे में विस्फोटक मिलाकर रखने वाले आरोपी को गिरफ्तार करवाने की मांग की है। जिलाध्यक्ष चौधरी ने ज्ञापन में बताया कि मोहम्मदपुरा पंचायत के जंगल में किसी ने गुंधे हुए आटे में विस्फोटक रख दिया था। जिसको खाने से एक गाय माता की मौत हो गई। आरोपियों को गिरफ्तार करवाने के लिए गौ सेवकों ने धरना देकर सौप पुलिस थाने में रिपोर्ट भी दर्ज करवा दी थी। विस्फोटक से गाय की मौत होने पर गौ सवेकों ने बैठक आयोजित की। बैठक में जिला अध्यक्ष चौधरी ने संबोधित करते हुए गौ सेवकों को एकजुट होकर आरोपियों को गिरफ्तार करवा कर कड़ी सजा दिलवाने का आह्वान किया। गौ सेवकों ने आरोपियों को सात दिन में गिरफ्तार करने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि सात दिन में गिरफ्तार करने किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।



## बाल संस्कार केंद्र में मनाया बसंत पंचमी महोत्सव

**बढ़ता राजस्थान**

**निवाई (का.स.)।** कीर कॉलोनी में स्थित सेवा भारती द्वारा संचालित बाल संस्कार केंद्र में आशा जैन के सानिध्य में बसंत पंचमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव को लेकर माता सरस्वती का पूजन कर बच्चों को इनामें वितरित की गई।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन

# बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा एवं समान अवसर सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक

**बढ़ता राजस्थान**

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक अमित गुप्ता ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा एवं समान अवसर सुनिश्चित करना समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने समाज में बालिकाओं की भूमिका, उनके आत्मसम्मान एवं सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित किया।



कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से उपस्थित कानूनविदों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के कानूनी अधिकारों, महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित विभिन्न अधिनियमों, नियमों एवं प्रावधानों की जानकारी दी गई, जिससे प्रतिभागियों में विधिक जागरूकता का विस्तार हुआ।

इस अवसर पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ थीम तथा वंदे मातरम् 150 अभियान के अंतर्गत रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में 3 समूहों की कुल 15 बालिकाओं/महिलाओं तथा मेंहदी प्रतियोगिता में 5 बालिकाओं/महिलाओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में लगभग 200 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के दौरान प्रदीप कुमार गौतम, नूतन कुमार जिंदल, आयुष पाराशर, रामराज मिरोठा, अर्पित कुमार मथुरिया, मनीषा देवन्दा, जितेन्द्र बहादुर, अनीता कंवर, प्रिया तेहरिया, रिंकी सेन, अनन्या तिवारी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में उपखण्ड अधिकारी करेंगे ध्वजारोहण

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राएं होंगे सम्मानित

**बढ़ता राजस्थान**

**निवाई (का.स.)।** गणतंत्र दिवस पर कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित मुख्य समारोह में उपखण्ड अधिकारी प्रीति मीणा ध्वजारोहण करेंगे साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस डाक बंगले में भारतीय जनता के तत्वावधान में विधायक रामसहाय वर्मा भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ झण्डारोहण करेंगे। इस दौरान विधायक रामसहाय वर्मा के साथ कई कार्यकर्ता गांधी पार्क में गांधीजी की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि करके शास्त्री पार्क में भी पंडित हीरालाल शास्त्री की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। नगरपालिका कार्यालय पर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी व अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट, पंचायत समिति कार्यालय पर विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव, पटेल रोड कांग्रेस कार्यालय पर ब्लॉक अध्यक्ष शंकरलाल जाट व शहर अध्यक्ष एडवोकट सतीश शर्मा, अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायालय में मुख्य अतिथि तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष व अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश सृष्टि चौधरी, तहसील कार्यालय में तहसीलदार नरेशकुमार गुर्जर, पुलिस वृत्ताधिकारी कार्यालय पर डीवाईएसपी रविप्रकाश शर्मा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा, राजकीय स्वामी विवेकानन्द मॉडल विद्यालय में प्रधानाचार्य कुम्भाराम चौधरी, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्या लक्ष्मी शर्मा, ट्रक यूनियन पर यूनियन अध्यक्ष गणपत मीणा व भंवरलाल यादव, राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य मीनाक्षी बघेल, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य गिरिराज प्रसाद गुर्जर, रानीलक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय में अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ध्वजारोहण करेंगे।

## वनस्थली विद्यालय में मेघा पीटीएम, मुख्यमंत्री लाइव प्रसारण, कृष्ण भोग व निपुण मेले का हुआ आयोजन,छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह

**बढ़ता राजस्थान**

**निवाई (का.स.)।** वनस्थली के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विभागीय निर्देशानुसार मेगा पीटीएम, मुख्यमंत्री लाइव प्रसारण, कृष्ण भोग एवं निपुण मेले का आयोजन हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह रहा। प्राचार्य देवेंद्र पाल सिंह ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सर्व प्रथम मेघा पीटीएम का आयोजन हुआ। जिसमें कक्षावार व विद्यार्थीवार स्टूडेंट्स के अविभावक व ग्रामीणों को विद्यार्थी प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण में बसंत पंचमी पर्व को लेकर सरस्वती पूजन, सरस्वती वंदना व विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का लाइव प्रसारण दिखाया गया। तृतीय चरण में शाला परिवार ने कक्षा 1 से 8 वीं तक के विद्यार्थियों को कृष्ण भोग करवाया गया। अंतिम व चतुर्थ चरण में निपुण मेले का आयोजन किया गया। जिसमें वनस्थली ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्याल, उच्च प्राथमिक विद्यालय करणपुरा, सरसड़ी रामपुरा, प्राथमिक विद्यालय देवपुरा, रामजीपुरा, सूरजपुरा व मोतीपुरा विद्यालयों के कक्षा 3 से 5 वीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों की स्टॉल लगाई। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को प्रसादी वितरित की गई। इस दौरान विभिन्न खेल प्रतिभागिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कैलाशचंद सैन, कुलदीप बारेठ, अनामिका शर्मा, संपत्ति मीणा, नीतू सवारियां, नीतू बया, मनराज गुर्जर, मंजूषा शर्मा, जितेंद्र गुर्जर, नवदीप चोपड़ा, शंकर लाल, राहुल भारद्वाज, ललिता, रामदेव जाट व माधुरी शर्मा सहित कई शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



## देवली में यूनानी औषधालय का विभाग के उप निदेशक ने किया औचक निरीक्षण

**बढ़ता राजस्थान**

**देवली (गोविंद सिंह सेठी) ।** यहां शनिवार को राजकीय यूनानी औषधालय, मे यूनानी विभाग के उप निदेशक डॉ. हनुमान प्रसाद ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उप निदेशक ने औषधालय मे गहनता से निरीक्षण करते हुए चिकित्सक एवं स्टाफ की उपस्थिति, पंजिकाएं, स्टॉक रजिस्टर, दवा वितरण, साफ -सफाई और रिकॉर्ड का बारी बारी से निरीक्षण किया और मरीजों के लिए पर्याप्त सुविधाए और परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिये। उपनिदेशक के, निरीक्षण के दौरान राजकीय आयुर्वेद औषधालय देवली के प्रभारी डॉ. पी. एल जांगिड़, यूनानी चिकित्सा प्रभारी डॉ मोहम्मद रोशन, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ ललिता मीणा, वरिष्ठ आयुर्वेदिक कंपाउंडर हीरा लाल बैरवा, यूनानी कंपाउंडर रामनिवास सैन आदि उपस्थित रहे।



## राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2026 पर जिले के सर्वश्रेष्ठ ईएलसी संस्थान होंगे सम्मानित

**बढ़ता राजस्थान**

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2026 (एनवीडी-2026) के अवसर पर जिले में मतदाता जागरूकता को सशक्त रूप से बढ़ावा देने हेतु संचालित इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब (ईएलसी) की श्रेष्ठ गतिविधियों के आधार पर चयन प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। जिले के उन समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों तथा विद्यालयों, जिनमें ईएलसी की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, से प्राप्त प्रस्ताव/आवेदन ब्लॉक स्तर पर आमंत्रित किए गए। इसके पश्चात विधानसभा स्तर पर सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की संयुक्त चयन समिति द्वारा परीक्षण कर श्रेष्ठतम एक राजकीय एवं एक निजी विद्यालय की ईएलसी का चयन किया गया। वहीं, राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों के आवेदन सीधे मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं जिला स्वीप प्रभारी अधिकारी कार्यालय को प्राप्त हुए। चयन समिति द्वारा सभी प्राप्त आवेदनों का गहन परीक्षण एवं मूल्यांकन उपरांत जिले के सर्वश्रेष्ठ ईएलसी संचालित एक-एक राजकीय एवं निजी विद्यालय तथा महाविद्यालय का चयन राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2026 के अवसर पर सम्मानित किए जाने हेतु किया गया है। चयनित संस्थानों में राजकीय कन्या महाविद्यालय, सवाई माधोपुर, बालाजी महिला महाविद्यालय, मैनपुरा, रा.उ.मा.वि. ईसरदा एवं जय महादेव शिक्षण संस्थान, बागडोली शामिल हैं। इन संस्थानों के संस्थाप्रधान एवं ईएलसी प्रभारी को 25 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, मानटाउन, सवाई माधोपुर में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## शिविरों में अधिक से अधिक पात्र लोगों को मिले सरकारी योजनाओं का लाभ: शिवांगी स्वर्णकार

**बढ़ता राजस्थान**

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम (रीको), जयपुर एवं जिला प्रभारी सचिव शिवांगी स्वर्णकार ने शनिवार को पंचायत समिति मलारना डूंगर के ग्राम पंचायत भाड़ौती पर 'ग्राम उत्थान शिविर 2026' का अवलोकन किया।

प्रभारी सचिव ने कहा कि राज्य सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए अनवरत कार्य कर रही है। आमजन तक राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 23 जनवरी से 9 फरवरी तक प्रदेश भर में 'ग्राम उत्थान शिविर' शुरू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि इन शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचे एवं पात्र लाभार्थियों को उन योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि शिविरों के माध्यम से शिविर में पहुंचने वाले हर पात्र व्यक्ति को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले तथा जिन तक शिविरों की सूचना नहीं है उन लोगों को भी सरकार की योजनाओं से जोड़े।



शिविर के दौरान जिला कलक्टर काना राम ने बताया कि इन शिविरों में तारबंदी, डिग्गी, पाइप लाइन, फार्म पौंड, फव्वारा एवं ड्रिप, प्लास्टिक मल्च, सौर पंप जैसी कल्याणकारी योजनाओं में मौके पर ही स्वीकृतियां दी जा रही हैं। मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के तहत मिले आवेदनों का निस्तारण भी किया जा रहा है।

इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, उपखण्ड अधिकारी मलारना डूंगर संदीप कुमार बेरड़, प्रधान मलारना डूंगर देवपाल मीना, सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जैमिनी, संयुक्त निदेशक कृषि राकेश कुमार अटल सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भगवान शिवजी के मंदिर के निर्माण की रखी नींव

**बढ़ता राजस्थान**

**निवाई/गुंसी।** राधागोविंदपुरा थूनी में शनिवार को सुबह वैदिक रीतिरिवाज व मंत्रोचारण के साथ भगवान शिवजी के मंदिर के निर्माण की नींव रखी गई। सागर गुर्जर व श्योदयाल गुर्जर ने बताया कि राधागोविंदपुरा थूनी के गुर्जरों की ढाणी में कोई मंदिर नहीं था। किसी धार्मिक पर्व पर श्रद्धालुओं को पूजा करने के लिए दूसरे गांव में जाना पड़ता था। इसी कमी को पूरा करने के लिए ग्रामीणों ने शनिवार को वैदिक मंत्रोचारण के साथ भगवान शंकरजी के मंदिर के निर्माण की नींव रखी। जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस दौरान मुख्य यजमान रामबिलास गुर्जर द्वारा नींव का पहला पत्थर रखा गया। इस अवसर पर महिलाओं ने मंगल गीत गाए और उसके बाद उपस्थित लोगों का मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया गया। इस अवसर पर भागुतालाल गुर्जर, रामभजन गुर्जर, गंगासागर गुर्जर, बद्रीलाल गुर्जर, श्योदयाल गुर्जर, गोपाल गुर्जर, दयाराम गुर्जर, सुरज्ञान गुर्जर, दयाशंकर एवं रामस्वरूप गुर्जर सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।



## क्रीड़ा भारती द्वारा सूर्य नमस्कार करवाया

**बढ़ता राजस्थान**

**जयपुर (का.स.)।** सूर्य सप्तमी के अंतर्गत सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती द्वारा सूर्य नमस्कार कार्यक्रम चार स्थानों पर आयोजित किया गया । क्रीड़ा भारती के उपाध्यक्ष मोहित टेलर ने बताया कि मुख्य आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुखपुरिया में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष बिरदी चंद शर्मा रहे। साथ ही भामाशाह महेश बोहरा ,बंसी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सांगानेर महानगर के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं सांगानेर महानगर इकाई क्रीड़ा भारती के संयोजक मनीष शर्मा ,सहसंयोजक सत्यवीर योगी, युवा प्रमुख सुनील शशि एवं अन्य सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के बालक- बालिकाओं व स्टाफ साथियों ने भी उत्साह पूर्वक भाग लिया ।सभी आगंतुक अतिथियों का विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ गायत्री जी द्वारा स्वागत सत्कार किया गया। सूर्य नमस्कार कार्यक्रम सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती के योग प्रमुख चंद्रभान जी के द्वारा कराया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुक अतिथियों का सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती के संयोजक मनीष शर्मा ने धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया।






## वंदे मातरम् भारत की सांस्कृतिक और भाषाई विरासत में गहराई से समाया हुआ है -मीणा

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** राजकीय महाविद्यालय, राजगढ़ में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान के आदेशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय केडिट कोर, स्काउट एवं सांस्कृतिक समिति के संयुक्त



तत्वावधान में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विविध कार्यकम आयोजित किए गए। इस ऐतिहासिक अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन कर परिसर को राष्ट्रीय भावना से सराबौर कर दिया। इस अवसर पर आयोजित व्याख्यानमाला में प्राचार्य प्रो. के. एल. मीना ने वंदे मातरम् के ऐतिहासिक महत्व को बताते हुए कहा कि स्वतन्त्रता सेनानियों का पथ प्रदर्शक, राष्ट्रीय भावना एवं देश भक्ति के भाव को सुदृढ़ करने वाले एवं भारतीय जनमानस की मूल भावना के उद्घोषक वंदे मातरम् के 150 वर्ष पर वर्षपर्यन्त विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। प्रो. देशराज वर्मा ने वंदे मातरम् के रचयिता बंकिम चन्द्र चटर्जी के योगदान को रेखांकित किया गया। प्रो. पी. एम. मीना ने कहा कि वंदे मातरम् भारत की सांस्कृतिक और भाषाई विरासत में गहराई से समाया हुआ। इसे सामूहिक मानवीय भागीदारी के माध्यम से व्यक्त करते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो. जगतसिंह, प्रो. जगफूल मीना, प्रो. मीनाक्षी मीना, प्रो. रजनी मीना आदि आचार्य, मंत्रालयिक कार्मिक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## नीमला में भगवान देवनारायण का दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन शुरू

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** ग्राम पंचायत नीमला में आराध्य देव भगवान देवनारायण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। उत्सव के प्रथम चरण में शनिवार 24 जनवरी को भव्य दीन व रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। पूरी रात देवनारायण भगवान के भजनों और कथाओं से नीमला का माहौल भक्तिमय बना रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जागृति में शिरकत कर धर्म लाभ उठाया। आयोजन समिति ने बताया कि रविवार, 25 जनवरी को सुबह 7. 15 बजे गुर्जरबास से भव्य ध्वज यात्रा (निशान यात्रा) निकाली जाएगी, जो गाँव के विभिन्न मार्गों से होते हुए मंदिर प्रांगण पहुँचेगी। दोपहर में स्थानीय पार्टी रामनारायण व धर्मसिंह गुर्जर एण्ड पार्टी प्रेमपुरा तथा कीर्तन मंडल रैंडायल (वजीरपुर) द्वारा हरिकीर्तन दंगल की प्रस्तुति दी जाएगी। इसमें लोक धुनों पर धार्मिक आख्यानों का गायन होगा। उत्सव के समापन पर महाप्रसाद (विशाल भंडारे) का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के पधारने की संभावना है।

## जी.एस.पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी पर्व पर किया प्रसादी वितरण



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** पंचायत समिति क्षेत्र के गोठ की चौकी स्थित जी एस पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। संस्थान के निदेशक महेन्द्र कुमार मीना ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मनमोहक प्रस्तुति पेश की। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ के द्वारा प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर धनबाई, रत्तीराम, मुकेश पण्डा, नितिन, वंशिका,दुर्गा, अन्नपुर्णा,रिताक्षी, संगीता,अनिता, राजबहादुर,जैयन,हरकेश, दयाराम, बिजेन्द्र मौजूद रहें।

## डॉ.श्राफ हॉस्पिटल व आयशर का सराहनीय प्रयास



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शनिवार को ओम लॉजिस्टिक्स में चालक दिवस के उपलक्ष्य में डॉ.श्राफ चैरिटी आई हॉस्पिटल और आयशर के सहयोग से एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। हमारे सडक़ के सारथियों की सेहत हमारी प्राथमिकता है। इस दौरान चालकों की आँखों, कानों और ब्लड प्रेशर की संपूर्ण जाँच की गई, चालकों को नजर के चश्मे नि:शुल्क प्रदान किए गए, सडक़ सुरक्षा और चालक प्रशिक्षण के माध्यम से सुरक्षित ड्राइविंग के गुर सिखाए गए, सभी चालकों को उपहार देकर उनके योगदान को सम्मानित किया गया, ओम लॉजिस्टिक्स से सुनील यादव और उनकी पूरी टीम के विशेष सहयोग के बिना यह सफल आयोजन संभव नहीं था। आपकी मेहनत ने इस दिन को यादगार बना दिया। आइए मिलकर सडक़ों को सुरक्षित और चालकों को स्वस्थ बनाएं।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग के तत्वाधान में राजसमंद के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, भावा में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सीमा गहलोत ने की।इस अवसर पर प्रधानाचार्य सीमा गहलोत ने अपने उद्बोधन में कहा कि बालिकाओं का संरक्षण, शिक्षा और सशक्तिकरण ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच अपनाए, ताकि हर बेटी सुरक्षित, शिक्षित और सशक्त बन सके।कार्यक्रम में जिला हब एम्पावरमेंट ऑफ वूमन से कान्ता माली ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता, लैंगिक भेदभाव की समाप्ति, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना, बाल विवाह व भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों के विरुद्ध चेतना विकसित करना समाज का सामूहिक दायित्व है।

# पिछले एक माह से यातायात पुलिस की मेहनत ला रही है रंग,हुड़दंग मचाने वाली बाईक बाजार से हुई गायब





बढ़ता राजस्थान

**अलवर (रूपक शर्मा)।** यातायात पुलिस की लगातार चल रही कार्रवाही से मॉडिफाईड साईलेंसर्स लगाकर बाईक चलाकर पटाखा बजाने वाले छपरी युवा इन दिनों बाजार से ऐसे गायब हुए हैं जैसे गधे के सिर से सींग। यातायात पुलिस की शहर में चल रही ये मुहिम अब अपना रंग दिखाने लगी है। जागरूक लोगों का कहना है कि ऐसे ही कार्रवाही जारी रहे ताकि युवाओं में जिस प्रकार से बाईक स्टंट करने और आवाज वाले साईलेंसर लगाकर आमजन में भय व्याप्त करने का जो दिमागी कीड़ा है वो सदैव के लिए मर जाए। यातायात थाना प्रभारी संजय शर्मा व उनकी टीम लगातार अच्छा कार्य कर रही है। जिला एसपी सुधीर चौधरी एवं एएसपी मुख्यालय आईपीएस शरद गोपीनाथ कांबले लगातार युवाओं को जब भी मौका मिले यातयात नियमों की जानकारी देकर अपराध नहीं करने की सलाह दे रहे हैं। लगातार होने वाली ऐसी कार्रवाही से लोगों में खासा हडकम्प मचा हुआ है। हाल ही में बुलडोजर चला कर 500 से अधिक मॉडिफाईड साईलेंसर्स को कुचलने की कार्रवाही अलवर में में पहली बार हुई है। लगातार कार्रवाही से युवाओं में जहां खौफ मचा हुआ है वहीं युवा पुलिस की इस कार्रवाही से अपराधिक गतिविधियों से बच रहे हैं। हाल ही में बेतरतीब खड़ी बाईकों को जप्त करने और नगर निगम के कचरे के खुले में ले जा रहे टैक्टर का चालान कर यातयात पुलिस ने जहां आमजन की आवाज को एक संदेश के रूप में प्रस्तुत किया वहीं ये साबित कर दिया कि सरकारी काम में कीजिए लेकिन कायदे में रहकर।



शहर के युवाओं को यातयात नियमों की जानकारी देना और उन्हे एक अच्छे नागरिक बनाने का संकल्प अलवर पुलिस की एक शानदार श्रेणी का हिस्सा रहा है। श्रीमान एसपी सुधीर चौधरी के निर्देश के बाद लगातार कार्रवाही जारी है। ट्रेफिक पुलिस का सहयोग करें और यातयात नियमों की पालना करें। एक सभ्य नागरिक बनकर दिखाएं युवा। लगातार कार्रवाही से सच में बाईक पर स्टंट करने वाले युवाओं में कमी आना इस बात का प्रतीक है कि टीम द्वारा लगातार कार्रवाही करने से युवा सुधर रहे हैं चाहे भय के कारण ही क्यों न हो, इसी क्रम में यातयात पुलिस द्वारा युवाओं को फूल देकर चॉकलेट देकर भी समझाया गया था।

**संजय शर्मा, ट्रेफिक इंचार्ज**



आजकल युवाओं में अपराध की दुनिया में बढ़ता कदम हमारे युवाओं की सामाजिक मानसिकता को दर्शाता है। ऐसे में पुलिस की भूमिका सचमुच बड़ी अहम बन जाती है। स्कूलों व कॉलेजों में पढने वाले बच्चों को सामाजिक अपराध व समाज में युवाओं की भागेदारी के बारे में जागरूक करके उन्हे व उनकी ऊर्जा को सकारात्मक क्षेत्र में लगाना हमारा ध्येय ही है। एसपी सर श्री सुधीर चौधरी के निर्देश पर लगातार एवेयरनेस कैंपेन चलाकर युवाओं को अपराधिक घटनाओं व कृत्यों से बचने का आव्हान किया जाता है। जोकि निरंतर जारी है और हमारा मानना है कि ऐसे तरीके मील का पत्थर साबित होते हैं।

**शरण गोपीनाथ कांबले**
**ए.एसपी (आईपीएस)**

# राज्यपाल हरि भाऊ बागड़े से मिले नेक कमाई फाउंडेशन के सदस्य

### नेक कमाई टीम द्वारा किए जा रहे सामाजिक सरोकार की सराहना की

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने अलवर की समाज सेवी संस्था नेक कमाई फाउंडेशन के कार्यों की सराहना की। राज्यपाल से मिलने के लिए फाउंडेशन का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को जयपुर लोक भवन पहुंचा, जिसमें मुख्य नेक कमाई के मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा, ललित बेनीवाल, डॉ आशुतोष शर्मा, धर्मेंद्र अदलक्खा और कपिल रस्तोगी शामिल थे। इस अवसर पर मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने राज्यपाल को अलवर की प्रसिद्ध कलाकंद मिठाई भेंट की और इसके बारे में विस्तार से बताया। साथ ही ललित बेनीवाल ने सतपाल जी महाराज का साहित्य भी भेंट किया। राजयपाल को बताया गया की नेक कमाई फाउंडेशन ने अपने चार साल के कार्यकाल में 321 कन्यादान कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जिनमें गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का कन्यादान किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से कई परिवारों को राहत मिली है और बेटियों की शादी के लिए जरूरी संसाधन मुहैया कराए गए हैं। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने नेक कमाई फाउंडेशन के कार्यों की सराहना की और इसे राजस्थान में सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल बताया। उन्होंने फाउंडेशन को समाज के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया और उनके कार्यों को फैलाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि नेक कमाई फाउंडेशन का काम विशेष रूप से समाज के निचले तबके के लोगों को सहारा देने के लिए सराहनीय है। कन्यादान कार्यक्रम न केवल गरीब बेटियों की जिंदगी बदलने का कार्य कर रहा हैए बल्कि समाज में एकजुटता और दयालुता का संदेश भी दे रहा है। मैं इस संस्थान को शुभकामनाएं देता हूं और उम्मीद करता हूं कि यह आगे भी इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से समाज की सेवा करता रहेगा। फाउंडेशन के इस शानदार काम को राज्यपाल से मिली सराहना से एक नई दिशा मिलेगी और इससे प्रेरित होकर अधिक लोग इस दिशा में काम करेंगे।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर डॉ.अभिमन्यु सिद्ध ने बालिकाओं को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** उपखंड क्षेत्र के टहला में स्थित देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीएचसी टहला के डॉ अभिमन्यु सिद्ध ने विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं को राष्ट्रीय बालिका दिवस के बारे में जानकारी देते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान बालिकाओं ने महिला शक्ति के संदर्भ में कविता एवं गीत की भव्य प्रस्तुतिया दी। बालिकाओं ने कार्यक्रम में बढ़चढकर हिस्सा लिया। इस अवसर पर डॉ.सिद्ध ने कहा कि वे विद्यालय में अध्ययनरत सभी बालिकाओं को नमन करते हैं जो समाज की जंजीरों को तोडक़र पढने के लिए इस आवासीय विद्यालय में आई है। डॉ.सिद्ध ने कहा कि यहां की बालिकाएं बहुत साहसी है जिन्होंने अज्ञानता को छोडक़र ज्ञान को चुना, जिन्होंने रूढिवादिता को छोडक़र पढ़ाई को चुना,जिन्होंने अंधकार को छोडक़र प्रकाश को चुना ,जिन्होंने बाल विवाह को छोडक़र ज्ञान के मंदिर में प्रवेश को चुना। डॉ. सिद्ध ने बालिकाओं से कहा कि वे शक्ति स्वरूपा है, जीव विज्ञान के अनुसार भी बच्चे में पिता की तुलना में माता से 1प्रतिशत डी एन ए अधिक जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापकों ने बालिकाओं को उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया तथा आगे बढ़ते हुए समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सभी बालिकाओं ने बाल विवाह के विरुद्ध संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में डॉ.सिद्ध ने ज्ञान का मार्ग चुनने के लिए सभी बालिकाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ.सिद्ध के साथ महेश शर्मा ,यशवंत ,तरुण ,महेंद्र अवस्थी सहित विद्यालय का सभी अध्यापक एवं स्टाफ सहित समस्त बालिकाएं उपस्थित रही।

## पुलिस ने बानसूर के गांव बाबरिया में फायरिंग की वारदात का खुलासा करते हुए तीन जनों को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** क्षेत्र के हरसोरा थाना पुलिस ने गांव बाबरिया में पूर्व में जमीनी विवाद को लेकर हुई फायरिंग में गोली लगने की घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक मेघा गोयल ने बताया कि 17 जनवरी को परीवादी ओमप्रकाश गुर्जर उम्र 19 साल निवासी राजोडा की ढाणी बाबरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 16 जनवरी की रात्रि को करीब 8-10 बजे के बीच में मेरा मामा रोशन पुत्र कैलाश निवासी मांची व भैरू पुत्र मुलराम निवासी दामला का बास तीनो खेत में घूमने गए थे। तभी वहां पर शीशराम पुत्र रामजीलाल, रोहिताश्व पुत्र रामजीलाल, लालाराम पुत्र रामजीलाल निवासी बाबरिया के रहने वाले हैं सभी के पास लाठी डंडे व रोहिताश्व के पास पिस्टल थी जिसने मामा के गोली मार दी ।जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने एफ एस एल व एम ओ बी टीम के साथ घटनास्थल का जायजा लिया और साक्ष्य जुटाए। और पुछताछ में पता चला कि परिवादी के द्वारा पिस्टल चैक करने के दौरान फायरिंग होने टर पिस्टल की गोली लगने से परिवादी के मामा रोशन की जांघ में फस गई।

# ट्रक व सवारी वाहन की आमने-सामने भिड़ंत, 13 घायल, 11 पाली रेफर

बढ़ता राजस्थान

**मेवाड़-मारवाड़ सीमा पर भीषण सड़क हादसा**



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** मेवाड़ और मारवाड़ की सीमा पर स्थित देसूरी नाल क्षेत्र में सोमवार तडक़े एक भीषण सडक़ हादसा हो गया। देसूरी नाल मेगा हाईवे पर पंजाबी मोड़ के पास ट्रक और सवारी वाहन की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में सवारी वाहन में सवार 13 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से 11 को प्राथमिक उपचार के बाद पाली रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार हादसा सुबह करीब 4 बजे हुआ। देसूरी थानाधिकारी ऊर्जाराम ने बताया कि सवारी वाहन ब्यावर से आबूरोड की ओर जा रहा था, जिसमें केटरिंग का कार्य करने वाले लोग सवार थे। इसी दौरान देसूरी नाल में पंजाबी मोड़ के पास देसूरी से चारभुजा की ओर जा रहे ट्रक से वाहन की जोरदार भिड़ंत हो गई ।टक्कर इतनी तेज थी कि सवारी वाहन में सवार सभी 13 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना पर देसूरी, नाडोल, सादड़ी और बाली से 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं और घायलों को देसूरी उपजिला अस्पताल पहुंचाया गया।अस्पताल में डॉक्टर राजकुमार व डॉक्टर करण कुमार सहित चिकित्सा स्टाफ ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए 11 को आगे के इलाज के लिए पाली रेफर किया गया ।घटना की सूचना मिलते ही देसूरी थानाधिकारी ऊर्जाराम पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंचे और घायलों की स्थिति की जानकारी ली। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और अंधेरा हादसे का संभावित कारण माना जा रहा है।

**संरक्षक न्यायाधिपति श्री चंद्रप्रकाश श्रीमाली का दौरा**

# जिला कोर्ट परिसर का निरीक्षण कर कोर्ट कार्मिकों से किया सीधा संवाद,बार एसोसिएशन को दिलाई शपथ

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिले के माननीय संरक्षक न्यायाधिपति श्री चंद्रप्रकाश श्रीमाली का राजसमंद आगमन हुआ। माननीय न्यायाधिपति के सर्किट हाउस पहुँचने पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती अल्का शर्मा, जिला कलक्टर श्री अरुण कुमार हसीजा, पुलिस अधीक्षक श्रीमती ममता गुप्ता सहित न्यायिक अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर एसीबी न्यायालय जज अनिल कुमार शर्मा, एससी-एसटी कोर्ट न्यायाधीश अभिलाषा शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ममता सैनी, एनआई एक्ट कोर्ट जज यतीन्द्र चौधरी, एडिशनल एसपी महेंद्र पारीक, जिला न्यायालय प्रबंधक दीपक शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे। सर्किट हाउस परिसर में माननीय न्यायाधिपति श्रीमाली को राजस्थान पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया।

इसके पश्चात माननीय न्यायाधिपति श्रीमाली ने जिला न्यायालय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला एवं सेशन जज अल्का शर्मा ने विस्तार से न्यायालय परिसर का निरीक्षण कराया एवं व्यवस्थाओं की जानकारी दी। जस्टिस श्रीमाली ने कोर्ट के कार्मिकों से भी सीधा संवाद किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न न्यायालयों, अभिलेख कक्ष, स्थापना शाखा सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा न्यायिक कार्यों की प्रगति एवं सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को न्यायालयीन कार्यों के सुचारू संचालन एवं आमजन को त्वरित न्याय उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। न्यायाधिपति के इस दौरे से जिला न्यायालय परिसर में न्यायिक कार्यों को लेकर सकारात्मक वातावरण बना तथा अधिवक्ताओं एवं अधिकारियों में उत्साह का संचार हुआ।

### बार एसोसिएशन को दिलाई शपथ

दोपहर 3 बजे माननीय न्यायाधिपति चंद्रप्रकाश श्रीमाली ने जिला बार एसोसिएशन राजसमंद के शपथ ग्रहण समारोह में भी सहभागिता की। समारोह में उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं तथा न्याय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया। मंच पर जिला एवं सेशन जज अल्का शर्मा, बार एसोसिएशन अध्यक्ष जयदेव कच्छावा एवं 2025 के निवर्तमान अध्यक्ष रामलाल जाट मौजूद रहे। न्यायाधिपति चंद्रप्रकाश श्रीमाली ने वर्ष 2026 की कार्यकारिणी-अध्यक्ष जयदेव कच्छावा, उपाध्यक्ष अक्षय पालीवाल, सचिव नरोत्तम पालीवाल, सह सचिव खुशवंत सिंह झाला, कोषाध्यक्ष प्रवीण मंडोवरा, पुस्तकालय सचिव गिरधर सेन को शपथ दिलाई।

# धर्म के साथ सेवा का समन्वय प्रेरणादायी-स्पीकर बिरला

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी, (नि.स.)।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्रीराम कथा एवं गौमाता महोत्सव में शनिवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की उपस्थिति रही। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था और पूरा परिसर भक्ति व आस्था के माहौल से सराबोर नजर आया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आज रामगंजमंडी की पावन भूमि श्रद्धा और भक्ति के वातावरण से आलोकित हो उठी है। उन्होंने कहा कि 'गौमाता महोत्सव एवं श्रीराम कथा' केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को संस्कार, संयम और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने वाला आध्यात्मिक अनुभव है। स्पीकर बिरला ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में धर्म, करुणा और सेवा की भावना सशक्त होती है। आचार्य धीरेंद्र शास्त्री द्वारा सनातन संस्कृति को सेवा और मानवीय संवेदनाओं से जोडने का प्रयास अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि मंदिर के साथ सेवा और उपचार की भावना भारतीय परंपरा की मूल आत्मा को दर्शाती है, जो समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के प्रति करुणा और सहयोग की भावना को मजबूत करती है। अपने संबोधन के अंत में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पूज्य आचार्य धीरेंद्र शास्त्री को नमन किया तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में राजस्थान में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना को निरंतर बल मिल रहा है।

## मरीजों का हालचाल जाना, आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था से प्रभावित हुए ओम बिरला



बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को ईथॉस हॉस्पिटल, कोटा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बिरला ने मरीजों से उपचार, सुविधाओं और चिकित्सकीय सहयोग को लेकर संवाद भी किया। अस्पताल निरीक्षण के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ने ईथॉस हॉस्पिटल में उपलब्ध अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, स्वच्छ वातावरण और मरीज-केंद्रित सेवाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, सुव्यवस्थित और हाईटेक चिकित्सा केंद्र का कोटा में होना अत्यंत प्रशंसनीय है। इससे न केवल कोटा, बल्कि संपूर्ण हाड़ौती अंचल के मरीजों को उच्चस्तरीय उपचार स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे चिकित्सा संस्थान क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाते हैं और आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अस्पताल निदेशक प्रदीप दाधीच ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष के आगमन पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें सुपर-स्पेशियलिटी सेवाओं, आधुनिक उपकरणों, आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था, आईसीयू सुविधाओं एवं प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि अस्पताल का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना है।

## रेहाना चिश्ती का सामर्थ्य राजस्थान गौरव अवार्ड -2025 के लिए चयन

बढ़ता राजस्थान

**जजावर (पदम शाह)।** पंचायत क्षेत्र के ताकला गांव के सरकारी मिडिल स्कूल के शिक्षक किशनलाल कहार एवं हिंडोली ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बड़ौदिया में कार्यरत वरिष्ठ



शिक्षिका रेहाना चिश्ती को राजस्थान गौरव अवार्ड-2025 से सम्मानित किया जाएगा। डॉ .रामचन्द्रावल,फाउण्डर सामर्थ्य ने बताया कि शिक्षक किशनलाल कहार को शिक्षा, साहित्य व सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य करने एवं शिक्षिका रेहाना चिश्ती को महिला सशक्तिकरण, शिक्षा में नवाचार, बालिका शिक्षा, गुड टच-बेड टच पर जागरूकता एवं दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य करने के लिए आगामी 01मार्च को झालरापाटन ( झालावाड़) में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के सम्मान समारोह में राजस्थान गौरव अवार्ड से नवाजा जाएगा। गौरतलब रहे इस राष्ट्रीय सम्मान समारोह में देश के विभिन्न राज्यों के कुल 44 व्यक्तियों को विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवा के लिए राजस्थान गौरव अवार्ड -2025 से सम्मानित किया जाएगा।

## रावतभाटा में भारत स्वाभिमान व पतंजलि योग समिति की बैठक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** रावतभाटा में शनिवार को पश्चिमी राजस्थान राज्य संवाद प्रभारी श्यामा सोलंकी का प्रवास रहा। इस दौरान



उन्होंने भारत स्वाभिमान व पतंजलि योग समिति के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में तहसील प्रमुख पंडित ताराचन्द एवं महिला तहसील प्रभारी राजैन्द कौर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक में आगामी योजनाओं पर चर्चा करते हुए बताया गया कि आने वाले समय में भारत स्वाभिमान व पतंजलि योग समिति की ओर से रावतभाटा में विभिन्न स्थानों पर दो दिवसीय एवं पाँच दिवसीय ध्यान योग शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं की बैठकें भी ली गईं।बैठक के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने तहसील प्रमुख पंडित ताराचन्द के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर धर्मध्वजा संगठन अध्यक्ष व आर्य दल प्रमुख भारत पंडित, पंडित कुलदीप, आर्य वेद चिकित्सा प्रभारी डॉ. जगदीश मारू, गोरधन सिंह, सरिता, परमजीत कौर, कंचन एवं अभिलाष सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विधायक के नेतृत्व में शोभायात्रा का स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** भगवान देवनारायण जयंती के



उपलक्ष्य में शनिवार को निकाली गई विशाल शोभा यात्रा का विधायक चंद्रभान सिंह आक्या के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा कलेक्ट्री चौराहे पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा के दौरान भगवान देवनारायण की प्रतिमा पर विधायक आक्या द्वारा पुजा अर्चना कर सर्वत्र खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर पूर्व यु.आई.टी. चैयरमेन सुरेश झंवर, पूर्व नगर परिषद चैयरमेन सुशील शर्मा, पुर्व सभापति भरत जागेटिया, शेलेन्द्र झंवर, नगर मण्डल अध्यक्ष सुदर्शन रामपुरिया, अनिल ईनाणी, सतपाल दुआ, फतहलाल भडकतिया, गोपाल जाजू, नवीन पटवारी, रवि विराणी, राजन माली, मनोहर वैष्णव, लोकेश त्रिपाठी, राजकुमार तोलम्बिया, जगदीश मण्डोवरा, दिनेश मून्दडा, सावन छीपा, मनोज मेनारिया, विनित तिवारी, प्रदीप बोहरा, सुनील रजक, रामप्रसाद बगेरवाल, मोनू सलुजा, परमजीत सिंह वधवा, हरीश गुरनानी, पोन्टी मीणा, अनिल मीणा, विमला गटटीयानी, रेखा शक्तावत, रेणु म़िश्रा, ममता चौहान, प्रेम कुमावत, पिन्टू मीणा, कुलदीप शर्मा, राजेश मोची, पंकज सेन, रवि बैरागी, रवि मेनारिया, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गुर्जर समाज ने देवनारायण जयंती पर निकाली शोभायात्रा, उमड़ा जनसमूह, आस्था-उत्साह का संगम देखने को मिला

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (विश्वनाथ शर्मा)।** शनिवार को देवनारायण जयंती के पावन अवसर पर गुर्जर समाज द्वारा शहर में भव्य शोभायात्रा



निकाली गई। शोभायात्रा में शहर के आसपास से जुड़े कई गांवों के महिला पुरुषों ने भाग लिया। शोभायात्रा में आस्था और उत्साह का संगम एक साथ देखने को मिला। इस अवसर पर गुर्जर समाज के पंच पटेलों द्वारा ब्रह्मपुरी स्थित देवनारायण मंदिर, लक्ष्मीनाथ मंदिर तथा लच्छेश्वर महादेव की पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा को ब्रह्मपुरी लच्छेश्वर महादेव मंदिर परिसर से रवाना हुई। शोभायात्रा के तोरण की बावड़ी पर पहुंचने पर विधि विधान से कलश पूजन कर भगवान देवनारायण के जयकारों के साथ शोभायात्रा रवाना हुई। जो शहर के मुख्य मार्गों से होकर हाइवे पर स्थित देवनारायण मंदिर पर पहुंची। शोभायात्रा में उट, घोड़े को पारंपरिक तरीके से सजाया गया। इस शोभा यात्रा में राजस्थानी लोक संस्कृति की झलक देखने में मिली। घोड़ी नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। शोभा यात्रा में डीजे पर बजने वाले देवनारायण के भजनों पर महिला पुरुष लोक नृत्य करते हुए भक्ति के रस मे सराबोर होते नजर आए। शोभायात्रा को देखने के लिए मार्ग के दोनों ओर बड़ी संख्या में स्थानीय तथा आसपास गांवों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान शहर में सभी समुदायों द्वारा जगह-जगह समाज के लोगों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया तथा जलपान व अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई।

## कोटा मंडल में ट्रैक सीधाकरण से रफ्तार को मिली नई दिशा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** कोटा मंडल में रेल यात्रियों को सुरक्षित, तेज एवं समयबद्ध यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है। मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिल कालरा के मार्गदर्शन में इंजीनियरिंग विभाग द्वारा रेल पटरियों के संरचनात्मक सुदृढ़ीकरण और स्थायी गति प्रतिबंधों को कम करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

## मेंटेनेंस के नाम पर अनावश्यक बिजली कटौती बर्दाश्त नहीं : ऊर्जा मंत्री

### केईडीएल को कार्यशैली सुधारने की सख्त हिदायत, घंटों का शटडाउन तुरंत बंद हो

बढ़ता राजस्थान



**कोटा, (का.स.)।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने शनिवार को सर्किट हाउस में पीडब्ल्यूडी, पीएचईडी, सीएडी, जल संसाधन एवं विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में गत बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर करने तथा आगामी बजट प्रस्तावों पर चर्चा की गई। इस दौरान ऊर्जा मंत्री ने बिजली फ्रेंचाइजी कंपनी केईडीएल के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। मंत्री नागर ने स्पष्ट कहा कि मेंटेनेंस के नाम पर घंटों तक लिया जाने वाला शटडाउन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिस कार्य को सीमित समय में पूरा किया जा सकता है, उसके लिए शहरवासियों को लंबे समय तक बिजली कटौती झेलने पर मजबूर करना अनुचित है। उन्होंने पिछले दो माह में लिए गए सभी शटडाउन का विस्तृत ब्यौरा मांगा। मंत्री नागर ने कहा कि कोटा शहर एवं जिले में गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध बिजली आपूर्ति सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

आवश्यकता होने पर अतिरिक्त विद्युत संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे तथा नए जीएसएस के प्रस्ताव भी भेजे जाएं। बैठक में बाढ़ राहत कार्यों, बस स्टैंड भूमि आवंटन, जल निकासी व्यवस्था तथा सांगोद क्षेत्र के गांवों में जल डायवर्शन पर भी चर्चा हुई। मंत्री नागर ने कहा कि निरंतर मॉनिटरिंग से कार्यों की गुणवत्ता में सुधार हुआ है और लापरवाही पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## वंडर सीमेंट राजस्थान सरकार के ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** वंडर सीमेंट लि. आर. के. नगर, निम्बाहेड़ा को राजस्थान सरकार के ऊर्जा विभाग द्वारा सीमेंट उद्योग श्रेणी में प्रतिष्ठित राजस्थान ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कम्पनी के यूनिट हेड नितिन जैन ने वंडर सीमेंट के सहायक उपाध्यक्ष मदन मोहन माहेश्वरी एवं पीयूष जोशी सहित कम्पनी के सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए बताया की ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में किये गये उल्लेखनीय कार्यों हेतु जयपुर में आयोजित समारोह के दौरान राजस्थान सरकार के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर और ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अजिताभ शर्मा (आईएएस) द्वारा यह पुरस्कार वंडर सीमेंट को प्रदान किया गया। युनिट हेड श्री जैन ने यह अवॉर्ड वंडर सीमेंट के सभी कर्मचारियों को समर्पित करते हुए कहा कि यह सम्मान कम्पनी द्वारा आधुनिकीकरण एवं नवाचारों के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण के प्रति किये गये उल्लेखनीय कार्यों का परिणाम है। इन प्रयासों से बिजली की खपत में कमी आई है, जो ऊर्जा संरक्षण, स्थिरता और संचालन उत्कृष्टता के प्रति वंडर सीमेंट की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह प्रगति ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में कुशल प्रौद्योगिकियों को शामिल करने, आवश्यक संयंत्र उपकरणों को बेहतर करने, नई नियंत्रण प्रणालियों को स्थापित करने और ऊर्जा उपयोग की निरंतर देख-रेख से संभव हो पायी है। इन सभी प्रयासों से ऊर्जा की खपत कम हुई है और कंपनी का पर्यावरणीय प्रभाव भी न्यूनतम हुआ है।

## बालिकाओं ने लिया बाल विवाह नहीं करने का संकल्प

'अभी नहीं! पहले सपने साकार हों, फिर शादी का विचार हो'

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोटा द्वारा बाल विवाह निषेध अधिनियम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, गुमानपुरा नवीन में किया गया। कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष माननीय सत्यनारायण जी व्यास एवं सचिव गीता चौधरी के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बाल विवाह मुक्त गांव की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष कैंपेन अभी नहीं, पहले सपने साकार हों फिर शादी का विचार हो के तहत छात्राओं को बाल विवाह नहीं करने का संकल्प दिलाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की डिफेंस अधिवक्ता इकबाल हुसैन, सानिया खानम, स्वाति जैन एवं नरेंद्र डाबी ने बालिकाओं को कानून की जानकारी देते हुए जागरूक किया। डिफेंस अधिवक्ता नरेंद्र डाबी ने बताया कि कानून के अनुसार लडक़ी की विवाह की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा लडक़े की 21 वर्ष निर्धारित है। 18 वर्ष से कम आयु में बालिका का विवाह करना दंडनीय अपराध है।

## मोहित गौतम के रक्तदान शिविर में बना नया कीर्तिमान, 507 यूनिट रक्त संग्रह

बढ़ता राजस्थान




**कोटा, (का.स.)।** समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए समाजसेवी मोहित गौतम ने अपने जन्मदिवस को मानव सेवा के महापर्व में बदल दिया। श्रीनाथपुरम स्थित रॉयल मैरिज गार्डन में शनिवार को आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। शिविर में कुल 507 यूनिट रक्त संग्रह कर नया रिकॉर्ड स्थापित किया गया। रक्तदान शिविर में युवाओं, महिलाओं सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया। सुबह से ही रक्तदाताओं की लंबी कतारें लगी रहीं, जिससे आयोजन स्थल सेवा और संवेदना के रंग में रंगा नजर आया। इस अवसर पर मोहित गौतम ने कहा कि रक्तदान मानव सेवा का सर्वोच्च माध्यम है, जो सेवा, करुणा और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जन्मदिन जैसे व्यक्तिगत अवसर को जनकल्याण से जोडऩा ही सच्चा उत्सव है। इस शिविर ने यह सिद्ध कर दिया कि जब समाज एकजुट होता है, तो जीवन रक्षा जैसा संकल्प भी साकार हो सकता है। रक्तदाताओं के जोश और समर्पण ने यह संदेश दिया कि आज भी समाज में सेवा, संवेदनशीलता और परोपकार की भावना पूरी मजबूती से जीवित है। आयोजन को लेकर शहरभर में सराहना का माहौल रहा।

## जवाहर नवोदय विद्यालय पचपहाड़ में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विविध कानूनों की दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान



**भवानीमंड़ी (अब्दुल सलीम मंसूरी)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार रोहित सक्सेना, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भवानीमंडी, द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय पचपहाड़ में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान सक्सेना ने उपस्थित छात्र/छात्राओं को बालिका दिवस के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इसी क्रम में उपस्थित छात्र/छात्राओं को बताया कि भारत सरकार ने साल 2008 में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के माध्यम से इस दिन की शुरुआत की गई थी। 24 जनवरी का दिन इसलिए चुना गया था क्योंकि इसी दिन वर्ष 1966 में इंदिरा गांधी ने भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। यह दिन महिला सशक्तिकरण के इतिहास में एक मील का पत्थर है। आज के आधुनिक युग में भी हमारी बेटियां कई चुनौतियों का सामना कर रही है; शिक्षा का अभाव, लिंग भेद, सुरक्षा, आदि चिंता का विषय है। हालांकि, तस्वीर बदल रही है आज बेटियां हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रही है। ' बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियानों ने समाज की सोच को बदलने में बड़ी भूमिका निभाई है। साथ श्री सक्सेना ने विधिक जानकारी भी प्रदान की जैसे - मुकदमा पूर्व प्रार्थना-पत्र (प्री - लिटिगेशन), चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, राष्ट्रीय लोक अदालत, निःशुल्क विधिक सहायता हेल्पलाइन 15100, निःशुल्क विधिक सहायता, मध्यस्थता, न्याय आपके द्वार योजना, पीडित प्रतिकर स्कीम, पोश एक्ट, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाने से संबंधित कानून, पॉक्सो एक्ट, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम, बाल विवाह नहीं करने, नशा न करने, भरण पोषण सम्बन्धित कानून, कन्या भ्रूण हत्या रोकने, महिला साक्षरता को बढ़ावा देने, शिक्षा का अधिकार, एवं दैनिक जीवन में काम आने वाले कई कानूनों के बारे मे जानकारी दी। उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह हेल्प लाईन 24 घंटे काम करने वाली टोल-फ्री फोन सेवा है जो देखभाल और सुरक्षा की जरूरत वाले बच्चों की मदद करती है। कोई भी बच्चा या कोई भी वयस्क जिसे बच्चे की मदद की जरूरत दिखे, इस नंबर पर कॉल कर सकता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य दयाशंकर चतुर्वेदी, उप प्रधानाचार्य अशोक कुमार मीणा, विद्यालय के अन्य स्टाफ एवं अदालत भवानीमंडी से वरिष्ठ सहायक रमेशचंद शर्मा व राकेश सैन आदि उपस्थित रहे।

## बालिका दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर, ( घनश्याम अवस्थी )।** बालिका दिवस के उपलक्ष में श्री हरिदत्त डिग्री कॉलेज, टेक्नोलॉजी पार्क, सेवर भरतपुर में पोस्टर प्रतियोगिता का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में जागरुकता, सृजनात्मक अभिव्यक्ति तथा आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि संस्था निदेशक डॉ.आलोक शर्मा रहे तथा विशिष्ट अतिथि हरिदत्त शर्मा रहे। दोनों अतिथियों ने बालिका शिक्षा एवं समानता पर अपने विचार साझा किए तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। पोस्टर प्रतियोगिता में राजेश्वरी, खुशी मीना, खुशी पाराशर, बिंदु, शीतल, फैज खान सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। प्रतिभागियों ने बालिका सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ, अधिकार और जागरुकता जैसे विषयों पर अपने पोस्टर प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल में प्राचार्या डॉ. नीलम सिंह, प्राचार्या डॉ. संजू शर्मा एवं गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। निर्णायकों ने प्रस्तुत पोस्टरों को मूल्यांकन रचनात्मकता, संदेश, प्रस्तुति एवं प्रासंगिकता के आधार पर किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विजेता रहे प्रथम राजेश्वरी, द्वितीय मोहिनी तथा तृतीय स्थान पर शीतल रही। को सम्मानित किया गया और सभी विद्यार्थियों को प्रतिभाग प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का सम्पूर्ण संचालन संतुलित एवं अनुशासित रुप से संपन्न हुआ।

## जंभेश्वर पब्लिक माध्यमिक विद्यालय में बच्चों ने सूर्य नमस्कार किया

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** जम्भेश्वर पब्लिक माध्यमिक विद्यालय अनुपगढ़ में शनिवार को सूर्य सप्तमी के पूर्व दिवस पर एक साथ विद्यालय के विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार कर भारतीय पारंपरिक योग प्रणाली द्वारा स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया। व्यवस्थापक मोहित डाल ने बताया कि सूर्य नमस्कार 12 शक्तिशाली योग आसनों का एक समूह है जो शरीर और मन को ऊर्जावान लचीला और स्वस्थ बनाता है । नियमित अभ्यास से एकाग्रता रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और तनाव कम होता है सुबह के समय यह संपूर्ण व्यायाम पाचन और मानसिक शांति में सुधार करता है। प्रधानाध्यापक विक्रम डाल ने बताया कि सूर्य नमस्कार के नियमित अभ्यास से पूरा मानव शरीर तमाम तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने में सक्षम हो जाता है । वरिष्ठ अध्यापिका मीरा देवी, हरजिंदर कौर, गुरविंदर कौर ,मनप्रीत कौर, शहनाज बानो ,जसप्रीत कौर, आदि उपस्थित थे।

## खंडेलवाल समाज के गौ सेवा कार्यक्रम में पहुंचे विधायक डा0 सुभाष गर्ग



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर, ( घनश्याम अवस्थी )।** खंडेलवाल वैश्य समाज के द्वारा आयोजित वसंत उत्सव कार्यक्रमों के तहत घड़ी सावल दास गौशाला में गो सेवा कार्यक्रम मे वर्तमान विधायक सुभाष गर्ग द्वारा भाग लिया। खंडेलवाल वैश्य समाज के महामंत्री मुरारी लाल खंडेलवाल एवं कार्यक्रम के संयोजक हरि मुसद्दी द्वारा बताया कि सर्वप्रथम गो शाला में गोपाल जी का अभिषेक विधायक के साथ सभी समाज बंधुओ द्वारा किया गया। तत्पश्चात गायों का पूजन एवं आरती की, गायों को साड़ियां उढ़ाई गई। खंडेलवाल समाज बंधुओ द्वारा सुभाष गर्ग का पटका, साफा, माला से सम्मान किया गया। बाद में सभी गायों को हर चारा एवं गुड समस्त उपस्थित समाज बंधुओ एवं विधायक सुभाष गर्ग द्वारा अपने हाथों से खिलाया गया। सुभाष गर्ग द्वारा खंडेलवाल समाज के इस पुनीत कार्य के लिए सभी समाज बंधुओ की प्रशंसा करते हुए कहा कि गौ सेवा हमारे कष्टों हरण करती हे। इस प्रकार की सेवा की हमेशा निरंतरता बनी रहनी चाहिए। इस कार्यक्रम में 8500 किलों हरा चारा ,100 किलो गुड़ गौ शाला में खंडेलवाल समाज द्वारा रखवाया गया। इस कार्यक्रम में खंडेलवाल समाज के 100 से अधिक पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित रहे। अपराह्न खंडेलवाल भवन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के डा. आचार्य स्वामी हरि तीर्थ महाराज का साल, पटका, माला, संत शिरोमणि श्री सुंदर दास जी महाराज की एवं भारत माता की चित्र भेंट कर सम्मान किया गया। इस बसंत उत्सव कार्यक्रम के तहत दिनांक 25 जनवरी 2026 को भव्य शोभा यात्रा दोपहर 1रू00 बजे कला मंदिर से प्रारंभ होकर कुम्हेर गेट तक जाएगी।

## बसई डांग थाना पुलिस ने अवैध चंबल बजरी परिवहन में पकड़े दो ट्रेक्टर-ट्रॉली,

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड की बसई डांग थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए डांग क्षेत्र में चंबल बजरी परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जप्त किया है। वहीं कार्रवाई की भनक लगने से आरोपी ट्रैक्टर चालक और अन्य स्टाफ मौके से भागने में कामयाब रहा है। पुलिस ने दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जप्त कर लिया है,आरोपियों की तलाश की जा रही है। बसाईगंज थाना अधिकारी दुर्ग सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर विशेष अरावली बचाओ अभियान एवं चंबल बजरी परिवहन की रोकथाम को लेकर कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया है। जरिए मुखबिर सूचना मिली की डांग क्षेत्र में चंबल किनारे बजरी का परिवहन हो रहा है। उक्त सूचना पर एडिशनल एसपी कमल कुमार जागिड़ और बाड़ी सीओ महेंद्र कुमार के सुपरविजन में कार्रवाई की है। थाने की एएसआई रविंदर सिंह और हेड कांस्टेबल अजय कुमार के साथ पुलिस टीम ने दो अलग-अलग स्थान पर कार्रवाई की है। जहां से चंबल बजरी लेकर जाते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जप्त किया है।

# सखी संवाद : प्रशासन के साथ कार्यक्रम का प्रभावी आयोजन

### महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर विशेष बल दिया जाए - संभागीय आयुक्त

बढ़ता राजस्थान




**भरतपुर, ( घनश्याम अवस्थी )।** जिला परियोजना प्रबंधन इकाई (राजीविका) द्वारा आयोजित राज सखी भरतपुर मेला 2026 के अंतर्गत शनिवार को विश्वप्रिय शास्त्री पार्क, भरतपुर में सखी संवाद- प्रशासन के साथ कार्यक्रम का प्रभावी एवं सफ्ल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को प्रशासन के साथ सीधा संवाद स्थापित करने का अवसर प्रदान करना तथा महिला सशक्तिकरण, आजीविका संवर्धन, सरकारी योजनाओं की जानकारी, रोजगार, श्रम कल्याण एवं वित्तीय समावेशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. पूनम चौधरी एवं अमूल्य पाराशर द्वारा संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया, संयुक्त निदेशक आयकर विभाग जयपुर आईआरएस फ्राह हुसैन, श्रम विभाग आयुक्त आईएएस पूजा पार्थ तथा भरतपुर उपखंड अधिकारी भारती गुप्ता से क्रमबद्ध संवाद किया गया। संवाद के दौरान अतिथियों ने अपने जीवन की प्रारंभिक शिक्षा, पारिवारिक जिम्मेदारियों के निर्वहन, प्रशासनिक सेवाओं में कार्य करते हुए आई चुनौतियों एवं अनुभवों को साझा किया, जिससे उपस्थित महिलाओं को प्रेरणा एवं आत्मविश्वास मिला।

संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि भरतपुर जिला अपनी प्राकृतिक सुंदरता एवं सांस्कृतिक विरासत के कारण विशिष्ट पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रमुख उद्देश्य जनता और सरकार के बीच सकारात्मक एवं मजबूत वातावरण का निर्माण करना है, ताकि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। उन्होंने सरकारी नीतियों को धरातल पर उतारने के लिए नवाचार, सकारात्मक सोच एवं मानवीय संवेदनाओं को आवश्यक बताया। एक दिव्यांग व्यक्ति को कियोस्क केंद्र आवंटन के उपरांत मिले आभार का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान कर उनकी पीड़ा दूर करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने हेतु महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर विशेष बल देने का आह्वान किया। श्रम विभाग आयुक्त आईएएस पूजा पार्थ ने जालौर में जिला कलक्टर के रूप में अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए कहा कि महिलाएं सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाकर हर चुनौती का सामना कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि राजीविका से जुड़ी बहनें बैंक ऋण सहायता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनकर अपने जीवन स्तर में सुधार ला रही हैं। संयुक्त निदेशक आयकर विभाग आईआरएस फ्राह हुसैन ने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए महिलाओं का शिक्षित एवं जागरूक होना आवश्यक है।

#### पुस्तक विमोचन एवं स्टालों का अवलोकन-

कार्यक्रम के दौरान संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया द्वारा भरतपुर निवासी डॉ. पूनम चौधरी के काव्य संग्रह खामोश लिफाफें का मौसम का विमोचन किया गया। साथ ही 60 से अधिक लखपति दीदियों को डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने हेतु टैबलेट वितरित किए गए। संभागीय आयुक्त ने मध्यप्रदेश सहित भरतपुर, दौसा, अलवर, बाड़मेर, बूंदी, सवाई माधोपुर, डीग, झालावाड़, कोटा, सीकर, बीकानेर एवं चूरू जिलों की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की स्टॉलों का अवलोकन कर उनकी सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी मृदुल सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में राज सखी महिलाएं उपस्थित रहीं।

## एच सी एल फाउंडेशन के 40 सदस्यों द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर, ( घनश्याम अवस्थी )।** मंजरी फाउंडेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय क्षमता निर्माण अध्ययन भ्रमण एवं अनुभव आदान.प्रदान कार्यक्रम हरदोई उत्तर प्रदेश से एच सी एल फाउंडेशन के 40 सदस्यीय वरिष्ठ नेतृत्व एवं कार्यकर्ता दल ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम सामुदायिक संगठन महिला सशक्तिकरण उत्पादन इकाइयों का प्रबंधन तथा संस्थागत विकास के क्षेत्र में ज्ञानवर्धन एवं सहयोग की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर दल को गहन प्रशिक्षण सत्र प्रदान किए गए। द्वितीय दिवस पर पिपरेट स्थित आचार उत्पादन इकाई का अवलोकन किया गयाए जहां आचार निर्माण की सम्पूर्ण प्रक्रिया का अध्ययन किया। तत्पश्चात बिजौली प्लांट में डेयरीए सरसों तेल एवं शहद उत्पादन इकाइयों का भ्रमण कर उत्पादन प्रक्रियाए गुणवत्ता नियंत्रणए विपणन एवं वितरण व्यवस्था की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। अंतिम दिवस पर मंजरी फाउंडेशन के निदेशक संजय शर्मा के साथ औपचारिक बैठक आयोजित की गईए जिसमें संगठन की कार्यप्रणालीए रणनीति एवं भविष्य की योजनाओं पर गहन चर्चा हुई। इसके पश्चात मीराबाई ग्राम संगठनए कौलारी के प्रतिनिधियों से स्वयं सहायता समूह एवं ग्राम संगठन संचालन के अनुभव साझा किए गए। सहेली प्रगति फेडरेशनए बसई नवाब की कार्यकारिणी सदस्यों के साथ फेडरेशन के संचालनए शासन व्यवस्थाए नियमावली एवं विभिन्न पहलों पर सार्थक संवाद हुआ।

कार्यक्रम के दौरान उठौरी जागृति दल की महिलाओं द्वारा परंपरागत उठौरी गीतों के माध्यम से दल का हार्दिक स्वागत किया गया। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम दोनों संस्थाओं के बीच ज्ञान.साझेदारीए सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान.प्रदान एवं ग्रामीण विकास क्षेत्र में दीर्घकालिक सहयोग की नींव सुदृढ़ करने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुआ।

# डिस्कॉम की टीम ने शहर में एक दर्जन से अधिक मोहल्लो में मारा छापा

### 22 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते पकड़ा, साढ़े पांच लाख का किया जुर्माना

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में डिस्काम की टीम द्वारा पिछले दो दिन से लगातार बिजली चोरी को लेकर कार्रवाई की जा रही है। एक दर्जन से अधिक मोहल्लो में हुई इस कार्रवाई से बिजली चोरों में हड़कंप मचा हुआ है। कार्रवाई के दौरान 22 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया है। जिन पर डिस्कॉम द्वारा साढ़े पांच लाख का जुर्माना किया है। वही अवैध रूप से बिजली चोरी के लिए डाली गई 350 बिजली केबिलों को भी टीम द्वारा जप्त किया है।

डिस्कॉम के एईएन आर डी मीणा ने बताया कि एक्सईएन गोविंद सिंह के साथ डिस्कॉम के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर लगातार बिजली चोरी को लेकर अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। उपभोक्ताओं को हिदायत भी दी जा रही है कि वे बिजली चोरी ना करें लेकिन फिर भी लगातार चोरी के मामले सामने आ रहे हैं। डिस्कॉम की टीम द्वारा शुक्रवार,शनिवार 2 दिन शहर के एक दर्जन मोहल्लों में कार्रवाई की है। जिसमें कायस्थ पाड़ा, चोबदार गली, माता मंदिर के पीछे,सुनार गली, कोट पाड़ा,पुराना बाजार, अग्रसेन स्कूल वाली गली,शीशघर गली, अग्रसेन मार्केट, करमपुरा, मलकपाड़ा आदि मोहल्ले शामिल है। यहां बिजलीं चोरी करते हुए 22 उपभोक्ताओं को पकड़ा है।जिन पर साढ़े पांच लाख रुपए का जुर्माना किया है। इस दौरान अवैध रूप से बिजली चोरी के लिए डाली गई बिजली 350 बिजलीं केबिलों को जप्त किया है। टीम की यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। यदि उपभोक्ता सात दिवस में जुर्माना राशि जमा नहीं करते तो उनके खिलाफ एटीवीएस थाने में रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

#### 27 और 28 को लगेंगे कैंप

एईएन आरडी मीणा ने बताया कि बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान के साथ बिलों की त्रुटि और नए कनेक्शन को लेकर 27 जनवरी को बाड़ी शहर के उपभोक्ताओं के लिए सिटी एईएन कार्यालय धौलपुर रोड तिवरिया मंदिर पर कैंप लगाया जाएगा। वहीं 28 जनवरी को 33/11 केवी जीएसएस कंचनपुर पर कैंप का आयोजन होगा। जहां कंचनपुर फीडर से जुड़े ग्रामीण उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान किया जाएगा।

## हिन्दू सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक : विशाल वाहन रैली 30 को हिन्दू सम्मेलन 1 फरवरी को

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** पुरानी मंडी में एक फरवरी को प्रस्तावित हिन्दू सम्मेलन की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक में विचार विमर्श किया गया । आयोजक समिति के भारत जसूजा ने बताया कि पदाधिकारियों व सदस्यों को अलग अलग जिम्मेदारियों सौंपी गए ओर सम्मेलन की रूपरेखा , व्यवस्थाओं एवं प्रचार प्रसार को लेकर विस्तार से चर्चा की गई समिति के राजेंद्र चौधरी ने कहा हिंदू सम्मेलन सर्व समाज को एक मंच पर लाने व हिन्दू समाज को एकजुट करने के लिए आयोजित किया गया है जिससे की सर्व समाज में एक नई ऊर्जा का संचार होगा, सनातन संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा, जिससे हमारी वर्तमान ओर आने वाली पीढ़ी संस्कारवान ओर आदर्शवादी बने ।

आयोजक समिति में संयोजक परमानंद शाक्य ,सहसंयोजक प्रवीण शर्मा,रमेश सुथार ,राजेंद्र शर्मा ,सुनील शर्मा , कोषाध्यक्ष भारत जसूजा को मनोनीत किया गया।

समिति के अशोक चावला ने बताया कि आयोजन को सफल बनने के लिए मंडल के सभी गांवों में घर घर जाकर पीले चावल देकर परिवार सहित पहुंचने के लिए आमंत्रित करेंगे ।

## शादी की सालगिरह पर बंदरो और लंगूरो की सेवा, जंगल में जाकर खिलाया भोजन, इच्छापूर्ति फाउंडेशन के संस्थापक की पहल



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** जहां एक ओर लोग शादी की सालगिरह और जन्मदिन पर पार्टी और जश्न मनाने में लोग लाखों रुपया पानी की तरह बहा देते है,वहीं शहर के इच्छापूर्ति फाउंडेशन के संस्थापक एवं पशु-पक्षी प्रेमी रामकुमार चौधरी ने सेवा और संवेदना के साथ अपनी शादी की सालगिरह मनाई है। 24 जनवरी शनिवार को उन्होंने आसपास के जंगलों में जाकर बंदरो,लंगूरो और गाय माता को भोजन कराकर शादी की सालगिरह मनाई।

रामकुमार चौधरी सुबह करीब 4 बजे बाड़ी से लगभग 70 किलोमीटर दूर विभिन्न जंगल क्षेत्रों में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बयाना के बंध बरेठा,गढ़ी बाजना,नर्सरी,तातपुर रोड बसेड़ी,भूतेश्वर सहित कई स्थानों पर बंदरों एवं लंगूरो को गुड़,चना,रोटी और केला खिलाये। सेवा कार्य के दौरान सैकड़ो की संख्या मस बंदर और लंगूर चौधरी और उनके परिवारजनों के आसपास मंडराते दिखे। जैसे उनसे उनका कोई पुराने परिचय हो।

रामकुमार चौधरी ने बताया कि वे विगत कई वर्षों से निरंतर बंदर, गाय, कबूतर,बत्तख,चिड़िया, चींटी और मछलियों की सेवा करते आ रहे हैं। उनका कहना है कि बंदर सेवा करने और उनको भोजन कराने से मन को सच्ची प्रसन्नता और आत्मिक शांति मिलती है। यही मेरे लिए सालगिरह का सबसे बड़ा उत्सव है। इस सेवा कार्य में उनके साथ उनकी धर्मपत्नी अर्चना चौधरी,नाविका गुप्ता,कान्हा भटेले,मुकेश पुरी,विदित चौधरी सहित अन्य सेवाभावी लोग उपस्थित रहे।

रामकुमार चौधरी की यह पहल यह संदेश देती है कि सच्चा उत्सव वही है,जिसमें प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति करुणा और सेवा भाव हो।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस : राजकीय नर्सिंग कॉलेज धौलपुर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर राजकीय नर्सिंग कॉलेज, धौलपुर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना ने हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य सरकार द्वारा बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समान अवसर उपलब्ध कराना सरकार की सतत प्रतिबद्धता है। विशिष्ट अतिथि आरसीएचओ डॉ. शिवकुमार शर्मा ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान एवं लाडो प्रोत्साहन योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से बालिकाओं के जन्म, शिक्षा एवं भविष्य को सुरक्षित करने में उपयोगी सिद्ध हो रही है। पीसीपीएनडीटी समन्वयक पंकज शुक्ला ने पीसीपीएनडीटी अधिनियम की जानकारी देते हुए भ्रूण लिंग जांच को कानूनन अपराध बताते हुए इसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही के प्रावधानों से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने मुखबिर योजना के अंतर्गत अवैध गतिविधियों की सूचना देने पर मिलने वाली 3 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि की जानकारी दी। कार्यक्रम में राजकीय नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या नीलम सैंगर, मोहर सिंह एवं नितिन दीक्षित ने बालिकाओं के सर्वांगीण विकास में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की छात्राओं सुमन, हिमानी, कोमल शर्मा, ज्योति, कोमल चौधरी द्वारा बालिका सशक्तिकरण विषय पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए गए तथा देशभक्ति एवं प्रेरणादायी गीतों की प्रस्तुति दी गई, जिन्हें उपस्थितजनों द्वारा सराहा गया।

शहरी कार्यक्रम प्रबंधक प्रियंका त्रिपाठी एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रवीण कुमार अवस्थी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बालिकाओं से संबंधित स्वास्थ्य एवं सामाजिक योजनाओं की जानकारी साझा की।

कार्यक्रम का संचालन गौरव सैनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजनों ने बालिकाओं के सम्मान, संरक्षण एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर



प्रयास करने का संकल्प लिया। ,इस दौरान नर्सिंग ट्यूटर नीलम मीणा, जितेंद्र सिंह,तेजप्रताप सिंह परमार, जय व्यास, वीरेंद्र यादव, प्रदीप कुशवाह सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## शिक्षक संघ शेखावत जिला शाखा के आज कपासन में होंगे चुनाव

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के जिला शाखा के वार्षिक चुनाव 25 जनवरी रविवार को सुबह 11 बजे नगर कपासन के राजमार्ग स्थित हर्षित पैलेस परिसर में सम्पन्न होंगे। शिक्षक संघ उपशाखा कपासन अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने बताया कि उक्त चुनावी प्रक्रिया में प्रदेश स्तर से बालोतरा जिलामंत्री दिलीप बीरड़ा,जिला पर्यवेक्षक व प्राध्यापक सुरेशचंद्र जिला निर्वाचन अधिकारी होंगे।

## मतदान से राष्ट्र निर्माण तकः युवा शक्ति ने लिया लोकतंत्र को सशक्त करने का संकल्प



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में 'माई इंडिया, माई वोट' थीम पर 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। ईएलसी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्री-एनवीडी कार्यक्रम के तहत मतदान के महत्व को लेकर सामूहिक जागरूक परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने जागरूक मतदान, मतदान का महत्व, सूचित एवं शुचित मतदान, मेरा भारत-मेरा वोट जैसे विषयों पर स्वतंत्र रूप से अपने विचार व्यक्त किए। स्लोगन और अभिव्यक्ति के माध्यम से उन्होंने लोकतांत्रिक निर्वाचन प्रक्रिया में अपनी आस्था प्रकट की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढ़ा ने युवा मतदाता छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता किसी भी लोकतांत्रिक राष्ट्र के सबसे मजबूत स्तंभ होते हैं। समाज और राष्ट्र के विकास में उनकी भूमिका अतुलनीय है। भारत को विश्व का सबसे बड़ा, जीवंत और स्थिर लोकतंत्र बताया जाता है, जिसमें निर्वाचन आयोग की अहम भूमिका रही है। उन्होंने छात्राओं से परिवार और समाज में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने की अपील करते हुए उन्हें मतदाता शपथ भी दिलाई।ईएलसी प्रभारी राजकुमारी कुमावत ने छात्राओं को निष्पक्ष, निर्भीक और जागरूक मतदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि युवा मतदाता लोकतंत्र की दिशा और दशा तय करने की शक्ति रखते हैं। उन्होंने छात्राओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रीति शर्मा के नेतृत्व में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को मतदाता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में समस्त संकाय सदस्य, कर्मचारीगण एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## भगवान श्री नामदेव जी महाराज के बोधिसत्व दिवस बसंत पंचमी पर भव्य शोभा यात्रा का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** श्री नामदेव टांक क्षत्रिय दर्जी समाज निंबाहेड़ा द्वारा उनके आराध्य देव संत शिरोमणि भगवान श्री नामदेव जी महाराज के बोधिसत्व दिवस बसंत पंचमी के पावन अवसर पर नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा आजाद चौक से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई श्री ढाबेश्वर महादेव मंदिर परिसर पहुँची, जहाँ भगवान नामदेव जी महाराज की महाआरती के साथ समारोह का समापन हुआ। शोभा यात्रा के दौरान परशुराम सर्कल पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भगवान श्री नामदेव जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, नगर उपाध्यक्ष जगदीश माली, नगर मंत्री आशीष बोडाना, मनीष कासट, भाजयुमो के हितेश जोशी सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शोभा यात्रा में श्री नामदेव समाज के जनो ने श्रद्धा और उत्साह के साथ सहभागिता निभाई, जिससे संपूर्ण नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिला चिकित्सालय से निकली जागरूकता रैली

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी राजकीय जिला चिकित्सालय परिसर से बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक भव्य जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा व आरवीआरएस मेडिकल कॉलेज प्राचार्या डॉ0 वर्षा सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस दौरान अधीक्षक डॉ. वीरेन्द्र, डीपीसी अरूण कुमार पुरोहित, वरिष्ठ सहायक आशीष पंचोली, डीपीसी-पीसीपीएनडीटी रामस्वरूप सेन सहित चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, नर्सिंग विद्यार्थियों सहित अन्य स्वास्थ्य कार्मिकों ने सहभागिता की। जागरूकता रैली में प्रतिभागियों ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'बालिका सशक्त होगी तो समाज सशक्त होगा' जैसे संदेशों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया। रैली जिला चिकित्सालय परिसर से प्रारंभ होकर आसपास के मार्गों से होती हुई पुन: परिसर में आकर संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा ने कहा कि बालिकाओं का स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और सुरक्षा समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित बालिका कल्याण योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों से इनका अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

# यातायात नियम एवं सड़क सुरक्षा हमारी प्राथमिकता –सरिता सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

### हिन्दस्तान जिंक ने वाहन रैली से दिया यातायात के नियमों का पालन करने का संदेश




बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (संजय खाबिया)।** सुरक्षा केवल परिसरों तक सीमित नहीं है यातायात नियम एवं सडक़ सुरक्षा भी हमारी प्राथमिकता है। एक व्यक्ति की सुरक्षा पर पूरा परिवार टिका होता है तथा उसका सुरक्षित रहना पूरे परिवार को सुरक्षित रखता है। यह बात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह ने हिन्दुस्तान जिंक चंदेरिया लेड जिंक परिसर में 37वें सडक़ सुरक्षा माह के दौरान आयोजित वाहन रैली को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। उन्होनें कहा कि हिन्दुस्तान जिंक हमेशा से सडक सुरक्षा के प्रति अग्रणी रहा है जो कि आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने सभी को सुरक्षा शपथ दिलाते हुए कहा कि हमारी कथनी और करनी में अंतर न हो एवं हम स्वयं और अन्य की सुरक्षा की जिम्मेदारी लें। परिवहन अधिकारी डीएस गुप्ता ने भी संबोधित करते हुए सभी से सुरक्षा को सदैव प्राथमिकता में रखने की बात कही। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि हम सडक़ पर वाहन चलाते हुए स्वयं और अपने साथ बैठने वाले को हेलमेट पहनने को सुनिश्चित करें। इस अवसर पर चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर के लोकेशन हेड आलोक रंजन ने सभी से सुरक्षित रहने की पहल करते हुए अपने परिवार को सुरक्षित रखने के लिए स्वयं को सुरक्षित रखने का आव्हान किया। मजदूर संघ के अध्यक्ष रणजीत सिंह भाटी ने कहा कि सुरक्षा केवल कार्यस्थल पर ही नहीं सडक़ एवं घर में भी आवश्यक है जिसे नियमित रूप से अपनाना आवश्यक है। उन्होंने ने दुर्घटना के कारणों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें सुरक्षा के प्रति सदैव जागरूक रहना होगा। वाहन रैली को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह, परिवहन अधिकारी डीएस गुप्ता और आरटीओ इंस्पेक्टर किशन, चंदेरिया स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स के लोकेशन हेड आलोक रंजन, मेटल माइन मजदूर संघ के अध्यक्ष रणजीत सिंह भाटी ने हरी झण्डी दिखा कर चंदेरिया स्मेल्टर से रवाना किया। इस रोड शो मे शामिल सभी दुपहिया वाहन चालकों व सवारों ने क्रेश हेलमेट एवं चैपहिया वाहन चालको व सवारों ने सीट बेल्ट लगाकर हाथो में सुरक्षा स्लोगन की तख्तियों के माध्यम एवं लाउड स्पीकर द्वारा यातायात के नियमों के पालन का संदेश दिया। जिला कलेक्ट्रेट से शहर के मुख्य मार्गो पर सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली। इस अवसर पर चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर के जी मल्लेशम, अंबरीश कुमार, उषा शर्मा, दीपक पटेल, शुभम, विनय, भगवती पालीवाल, रेणु श्रृंगी, अशोक, सुन्दर राज, दिनेश प्रजापत, कुणाल पालीवाल सहित अधिकारी, कर्मचारी, संविदा सुरक्षा अधिकारी एवं श्रमिक उपस्थित थे।

## आशा सहयोगिनियों ने मानव शृंखला बना कर सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (संजय खाबिया)।** विगत कई समय से अपनी लम्बित मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने के चलते राजस्थान आशा सहयोगिनी यूनियन के तत्वावधान में जिले की समस्त आशा सहयोगिनियों द्वारा शुक्रवार 23 जनवरी को जिला कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन कर मानव शृंखला बनाई और मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष चंदा सुखवाल ने बताया कि पिछले बजट में सरकार द्वारा कोई भी घोषणा नहीं की गई थी। फिल्ड में काम कर रही लाखों वर्कर्स सरकार की उपेक्षाओं से घोर निराशा में है। ये पूरी निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निरन्तर निर्वहन करती आ रही है किन्तु इनकी मांगों पर सरकारें निरन्तर अपने पल्ला झाड़ रही है। आज तक आशावर्कर्स को न तो मजदूर का दर्ज मिला न ही कर्मचारी का। इसी से रोषित जिला कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा जिसमें स्थायी कर्मचारी बनाये जाने तक न्यूनतम वेतन 26 हजार करने, सेवानिवृत्ति पर 10 हजार मासिक पेंशन देने, ऑनलाईन कार्यों हेतु मोबाईल व डाटा उपलब्ध करवाने, आयुष्मान व आभा आईडी ऑपरेटर तय करने, आशा की ड्यूटी का समय निर्धारित करने व बैठने के लिए निर्धारित स्थान तय करने, आशाओं से तय काम ही कराया जाने सहित ऑनलाईन कार्य का इंसेटिव दिये जाने की मांग की गई। इस दौरान एटक से प्रभात सिन्हा, नागेश तेली, राजमल शर्मा, डॉ. ओपी भण्डारी, महिला प्रगतिशील फेडरेशन की जिलाध्यक्ष कॉ. राधा भण्डारी, सीटू जिला महामंत्री आरके सिंह, जिला उपाध्यक्ष कॉ. रतनलाल शर्मा, सीटू उदयपुर के अजा, जजा जिलाध्यक्ष कॉ. हीरालाल सालवी सहित यूनियन अध्यक्ष चंदा सुखवाल, महामंत्री राधा जोशी, तब्बसुम खान, चित्रलेखा, भगवती गुर्जर, अन्नपूर्णा, दुर्गा पारीक, इन्दिरा सेन, मंजु जैन, मधु वैष्णव, पुष्पा गुर्जर, कमलेश पाराशर, राजीविका जिलाध्यक्ष कैलाश कंवर सहित कई महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।

### विधायक अशोक कोठारी ने दिलाई कन्या भ्रूण जांच न कराने की शपथ

## 'बेटियों के सम्मान और शिक्षा से ही सुरक्षित समाज का निर्माण'-विधायक श्री कोठारी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** राष्ट्रीय बालिका दिवस पर राजकीय जिला चिकित्सालय स्थित महिला स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक अशोक कोठारी ने मंचासीन अधिकारियों व नर्सिंग छात्राओं को कन्या भ्रूण जांच न कराने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि बेटियों के सम्मान व शिक्षा से ही सुरक्षित समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता बालिकाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने कन्या भ्रूण हत्या को जघन्य अपराध बताते हुए पीसीपीएनडीटी अधिनियम व मुखबिर योजना की जानकारी दी।



**उपस्थित प्रमुख लोग**

विधायक अशोक कोठारी, जनप्रतिनिधि अर्पित कोठारी, संजय, दिनेश, पृथ्वीराज;सीएमएचओ डॉ. संजीव कुमार शर्मा, आशीष पंचोली, डीपीसी-पीसीपीएनडीटी रामस्वरूप सेन, डीपीसी तरुण चाष्टा, डीपीसी मां योजना प्रदीप दाधीच, अरुण पुरोहित सहित चिकित्सा विभाग के अधिकारी एवं नर्सिंग छात्राएं।

## न्युवोको विस्टास ने भारत में प्रीमियम डेकोरेटिव कॉंक्रीट रेंज आर्टिस्ट एलीट कलेक्शन लॉन्च की

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (संजय खाबिया)।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड भारत की भरोसेमंद बिल्डिंग मटीरियल कंपनी ने अपने आर्टिस्ट डेकोरेटिव कॉंक्रीट पोर्टफोलियो के तहत एक नई प्रीमियम रेंज, न्युवोको आर्टिस्ट एलीट कलेक्शन लॉन्च करने की घोषणा की है। आधुनिक निर्माण और लैंडस्केपिंग प्रोजेक्ट्स के लिए विकसित, एलीट कलेक्शन कलात्मक समझ को तकनीकी सटीकता के साथ जोड़ता है। यह रेंज चार आधुनिक, इस्तेमाल के लिए तैयार डेकोरेटिव कॉंक्रीट फिनिश पेश करती है जो विश्वसनीय प्रदर्शन देते हुए खूबसूरती को बढ़ाती हैं। इसमें रिफाइंड टेक्सचर, आधुनिक पैटर्न और नेचुरल कलर रंग पैलेट्स हैं, जो वॉकवेज, ड्राइववे, लैंडस्केप एरिया, पोडियम और प्रीमियम आउटडोर और सेमी-आउटडोर जगहों के लिए बहुत उपयुक्त है। हर डिजाइन उच्च-गुणवत्ता वाली फिनिश और सरफेस डिटेलिंग के साथ तैयार किया गया है, जो गहराई, बनावट और मटीरियल के कैरेक्टर को उजागर करता है, जिससे प्रोजेक्ट्स में एकरूपता सुनिश्चित होती है और डिजाइनरों और स्पेसिफायर्स को क्रिएटिव लचकता मिलती है। चिराग शाह, हेड, मार्केटिंग, इनोवेशन और सेल्स एक्सीलेंस, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने कहा कि न्युवोको आर्टिस्ट एलीट कलेक्शन सोच-समझकर, डिजाइन-आधारित सॉल्यूशंस पर हमारे फोकस को दर्शाता है। यह रेंज खूबसूरती, सस्टेनेबिलिटी और इस्तेमाल में आसानी को जोड़ती है।

# सनातन एकता के संकल्प के साथ हिन्द सम्मेलन की तैयारियों ने पकड़ा जोर

### 1 फरवरी को होने वाले विशाल हिन्द सम्मेलन के पोस्टर का अम्बेडकर बस्ती में किया गया विमोचन




बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** अम्बेडकर बस्ती सर्व हिन्दू समाज द्वारा आयोजित होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन की तैयारियां तेज हो गई हैं। आगामी 1 फरवरी (रविवार) को प्रस्तावित सम्मेलन को लेकर आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें संजय घीया को अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ विस्तार से चर्चा कर विभिन्न समितियों का भी गठन किया गया।सम्मेलन के प्रचार-प्रसार के तहत कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भारत माता सर्कल पर किया गया। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में डॉ. क्षमाशील गुप्त, विनोद धीमान, समिति अध्यक्ष संजय घीया, अरुण लक्खन, उपाध्यक्ष संदीप जॉय, राकेश नरूका सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।इस अवसर पर अध्यक्ष संजय घीया ने बताया कि यह सम्मेलन सनातन संस्कृति, धर्म एवं सामाजिक एकता को सशक्त करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।कार्यक्रम में आयोजन समिति के संरक्षक रमेश शर्मा, रामेश्वर व्यास, गोविंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष संदीप जॉय, ललिता जालान, मंत्री यश खण्डेलवाल, सहमंत्री जेनिश भारती, कोषाध्यक्ष नरेश अग्रवाल, प्रचार प्रमुख शिवम शर्मा सहित सुनील शर्मा, गोविन्द घावरी, योगेश कुमावत, कमल अरोड़ा, महेंद्र बजाज, वैभव शर्मा, पिंटू बंसल, धर्मेंद्र शर्मा, गिरधर गोपाल, कमल मुरारका, पिंटू अग्रवाल, राघव शर्मा, रिंकू जैदिया, विपिन गुजराती, ओम प्रकाश शर्मा, गोरधन सिंघल, श्याम यादव, लक्ष्मी देवी शर्मा, रेणु जोशी, अंजू शर्मा, सुमन शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रॉबिन स्कूल के नवीन भवन का भव्य लोकार्पण मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान




बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** श्री श्री 1008 श्री महर्षि उत्तम स्वामी जी महाराज के पावन सान्निध्य में रॉबिन स्कूल के नवीन भवन का आदिनाथ नगर में विधिवत लोकार्पण किया तथा बसंती पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती देवी की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर आयोजित समारोह में विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी तथा अतिथियों ने विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक, खेलकूद एवं अनुशासनात्मक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री श्री 1008 श्री महर्षि उत्तम स्वामी जी महाराज ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसमें संस्कार, अनुशासन और सेवा भाव का समावेश आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल का भविष्य हैं, यदि वे परिश्रम, संयम और सदाचार को जीवन में अपनाएंगे तो निश्चित ही समाज और राष्ट्र को नई दिशा देंगे। इस अवसर पर पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि रॉबिन स्कूल द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। नवीन भवन के शुभारंभ से विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण प्राप्त होगा। विद्यालय के प्रबंध संचालक दीपक सगरावत एवं सेजल सगरावत ने श्री श्री 1008 श्री महर्षि उत्तम स्वामी जी महाराज, पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी सहित सभी अतिथियों का पगड़ी पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर आत्मीय स्वागत-अभिनंदन किया तथा विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी। समारोह में पूर्व विधायक अशोक नवलखा, महंत लालनाथ योगी, पूर्व नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पश्चिम मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शक्तावत, युवा उद्यमी नवीन खंडेलवाल मंचासिन रहे। इस अवसर पर नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, निलेश मेहता, कमलेश बुनकर, भाजयुमो पश्चिम मंडल अध्यक्ष शिवनारायण धाकड़, नगर उपाध्यक्ष शिवदयाल कुमावत, मंत्री आशीष बोड़ाना, रतन वैष्णव सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण में शिक्षा की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना के साथ किया गया।

## विधायक कोठारी के प्रयासों से कीर खेड़ा व काली मगरी में सड़कों की समस्या का समाधान



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** नगर निगम भीलवाड़ा के वार्ड नंबर 56 अंतर्गत कीर खेड़ा सिंदरी के बालाजी तथा सांगानेर गौशाला होते हुए काली मगरी तक लंबे समय से जर्जर पड़ी सडक़ों की समस्या का समाधान आखिरकार हो गया है। नई सीसी सडक़ों के निर्माण से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। क्षेत्र के नागरिकों ने गत दिनों विधायक कार्यालय में पहुंचकर सडक़ो की समस्या से अवगत कराया था। इस पर विधायक अशोक कोठारी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए प्रस्ताव भिजवाया। तत्पश्चात बजट घोषणा के अंतर्गत मिसिंग लिंक योजना में इस सडक़ो के निर्माण की स्वीकृति दिलवाई गई। स्वीकृति के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा दोनों स्थानों पर नई सीसी सडक़ का निर्माण कराया गया, जिससे अब क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी राहत मिली है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से खराब सडक़ के कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब पक्की सडक़ बनने से क्षेत्र का स्वरूप ही बदल गया है।

## शिव सेना केवल पार्टी नहीं बल्कि विचार, भाजपा इसे खत्म नहीं कर सकती : उद्धव



बढ़ता राजस्थान

**मुम्बई ( एजेंसी )।** शिवसेना (उबाठा)के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने कहा कि अगर भाजपा सोचती है कि उनकी पार्टी को खत्म कर सकती है, तो वह पूरी तरह से गलत है क्योंकि यह केवल राजनीतिक दल नहीं बल्कि एक विचार है। उन्होंने यह टिप्पणी बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी)चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरने के बाद आई है। उद्धव ने अविभाजित शिवसेना के संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे की जन्म शताब्दी समारोह के तहत आयोजित एक कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कई लोग ठाकरे परिवार का नाम मिटाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं होगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''अगर भाजपा सोचती है कि वह शिवसेना (उबाठा)को खत्म कर सकती है तो वह गलत है। शिवसेना (उबाठा) एक पार्टी नहीं बल्कि एक विचार है।'' उनकी यह टिप्पणी 15 जनवरी को हुए बीएमसी चुनावों में भाजपा के सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरने के बाद आई है। भाजपा ने 227 सदस्यीय स्थानीय निकाय सदन में 89 सीटें जीतीं जबकि राज्य की 'महायुति' सरकार में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को 29 सीट मिली। इसी के साथ भाजपा ने देश के सबसे धनी नगर निकाय पर ठाकरे परिवार के दशकों पुराने नियंत्रण को समाप्त कर दिया है।

## जयपुर में तेज रफ्तार थार ने 2 लोगों को रौंदा

### युवक बाइक समेत गाड़ी के नीचे फंसा, मौत; युवती गंभीर घायल, आरोपी ड्राइवर गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में शनिवार को तेज रफ्तार थार ने पहले युवती को टक्कर मारी, फिर बाइक सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि घायल युवती को सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टक्कर के बाद बाइक सवार युवक थार गाड़ी के नीचे फंस गया था।

आसपास मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत से युवक को बाहर निकाला। पुलिस ने मौके से थार को जब्त कर लिया और बाद में फरार ड्राइवर को पकड़ लिया गया है। हादसा जयंती मार्केट चौराहे के पास शनिवार दोपहर करीब 12:45 बजे हुआ था। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

## आरजीएचएस में गड़बड़ी करने पर 8 हॉस्पिटल-डायग्नोस्टिक सेंटर्स पर एक्शन

### 7 डॉक्टर्स के खिलाफ कार्रवाई के लिए हेल्थ डिपार्टमेंट को लिखा पत्र

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान गर्वमेंट हेल्थ स्कीम के तहत गड़बड़ी करने पर 8 हॉस्पिटल और डायग्नोस्टिक सेंटर्स पर कार्रवाई की है। इसके अलावा 7 डॉक्टर्स के खिलाफ भी कार्यवाही के लिए विभाग को पत्र लिखा है। आरजीएचएस की परियोजना अधिकारी निधि पटेल ने बताया- पिछले एक माह में 8 हॉस्पिटलों और डायग्नोस्टिक सेंटर्स को डी-एम्पैनल किया है। साथ ही 5 हॉस्पिटलों का ट्रांजैक्शन मैनेजमेंट सिस्टम ब्लॉक किया गया है। उनके भुगतान भी रोके गए हैं। इन सभी हॉस्पिटल के खिलाफ गलत तरीके से इलाज करने और अनियमितताओं के मामले सामने आए थे। पटेल ने बताया- इनके अलावा गलत तरीके से उपचार किए जाने पर 2 डॉक्टरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई (निलंबन) के लिए स्वास्थ्य विभाग को पत्र भेजा है। इनके अलावा 5 अन्य डॉक्टर्स के विरुद्ध भी विभागीय एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए लेटर जारी किया है।

### फार्मेसी से 8 लाख की वसूली

परियोजना अधिकारी ने बताया- पिछले एक माह में 2 प्रकरणों में हॉस्पिटलों की तरफ से लाभार्थियों से वसूली गई नकद राशि 2 लाख 82,044 रुपए वापस लाभार्थियों को लौटाई। साथ ही 11 फार्मेसियों को सस्पेंड किया है। इन फार्मेसियों से करीब 8 लाख रूपए की रिकवरी की गई है।

## प्रयागराज विवाद पर मायावती की सियासी एंट्री, योगी सरकार को दी बड़ी चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**लखनऊ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा सुप्रीमो मायावती ने शनिवार को धर्म और राजनीति को अलग रखने का आह्वान किया और चेतावनी दी कि इनके बढ़ते दखल से विवाद, तनाव और सामाजिक अशांति पैदा हो रही है। उनकी ये टिप्पणी प्रयागराज में माघ मेले को लेकर चल रहे विवाद और शंकराचार्य को संगम में स्नान करने से रोके जाने के आरोपों के बीच आई है। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर एक पोस्ट में मायावती ने कहा कि हाल के वर्षों में न केवल उत्तर प्रदेश में बल्कि पूरे देश में धार्मिक त्योहारों, छुट्टियों, पूजा-पाठ और स्नान समारोहों में राजनीतिक हस्तियों का हस्तक्षेप बढ़ा है। मायावती ने कहा कि यह प्रवृत्ति जनता के बीच नए संघर्षों और चिंताओं को जन्म दे रही है। प्रयागराज स्नान समारोह विवाद को एक ताज़ा उदाहरण बताते हुए मायावती ने चेतावनी दी कि संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए धर्म को राजनीति से जोड़ना अंतर्निहित रूप से खतरनाक है। बीएसपी प्रमुख ने इस बात पर ज़ोर दिया कि देश का संविधान और कानून स्पष्ट रूप से राजनीति को धर्म से और धर्म को राजनीति से दूर रखने की परिकल्पना करते हैं, जबकि जन कल्याण और जन-केंद्रित शासन को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश दिवस पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं भी दीं। उनकी ये टिप्पणियां माघ मेले के दौरान शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को संगम में स्नान करने से कथित रूप से रोके जाने को लेकर चल रही तीखी राजनीतिक बयानबाजी के बीच आई हैं।

## अब हर गांव तक पहुंचा विकास, यूपी दिवस पर बोले अमित शाह

# बीजेपी सरकार ने बदली प्रदेश की तकदीर

बढ़ता राजस्थान



**लखनऊ ( एजेंसी )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (एसपी) और बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) समेत विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर अपने शासनकाल में उत्तर प्रदेश को बीमार राज्य बनाने का आरोप लगाया। वहीं उन्होंने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने इसे एक प्रगतिशील राज्य में बदल दिया है। लखनऊ में उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर बोलते हुए शाह ने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यकाल में हासिल विकास की व्यापकता पर प्रकाश डाला और कहा कि पिछले कुछ वर्षों में राज्य ने अभूतपूर्व प्रगति देखी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि दशकों से चली आ रही गतिरोध और उपेक्षा को उलटते हुए अब विकास उत्तर प्रदेश के हर गांव तक पहुंच चुका है।

शाह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एक समय था जब उत्तर प्रदेश को श्रम का स्रोत माना जाता था। आज यह भारत की अर्थव्यवस्था का प्रेरक बल बन गया है। कांग्रेस, सपा और बसपा ने इसे बीमार राज्य बना दिया था। भाजपा सरकार ने इसे एक प्रगतिशील राज्य में बदल दिया है और अब विकास हर गांव तक पहुंच चुका है। केंद्रीय गृह मंत्री ने 15 अगस्त 2047 तक उत्तर प्रदेश को पूर्ण विकसित राज्य में बदलने की उम्मीद भी जताई, जब देश अपनी स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा।

अमित शाह ने कहा कि 15 अगस्त 2047 को, जब देश अपनी स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा, उत्तर प्रदेश एक पूर्ण विकसित राज्य होगा और विकसित भारत का अभिन्न अंग होगा। उत्तर प्रदेश भारत का दिल और आत्मा है। उत्तर प्रदेश भारत का विकास इंजन बन रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान, शाह ने अंतरिक्ष यात्री और भारतीय वायु सेना के विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला को नवाचार और अंतरिक्ष अन्वेषण में उनके योगदान के लिए उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक सहित कई वरिष्ठ नेता और अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

उत्तर प्रदेश दिवस प्रतिवर्ष 24 जनवरी को मनाया जाता है, जो 1950 में संयुक्त प्रांत का नाम बदलकर उत्तर प्रदेश रखे जाने की स्मृति में मनाया जाता है, जो भारतीय संविधान को अपनाने से दो दिन पहले हुआ था। तब से, राज्य ने भारत के राजनीतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उत्तर प्रदेश ने भारत के औद्योगिक विकास में भी योगदान दिया है, जिसमें कानपुर एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में उभरा है। नवंबर 2000 में, उत्तराखंड नामक पहाड़ी राज्य को उत्तर प्रदेश से अलग करके बनाया गया, जिससे इस क्षेत्र के प्रशासनिक परिदृश्य में और भी बदलाव आया।

## भारत से एक्स्ट्रा 25% टैरिफ हटा सकता है अमेरिका

### वित्तमंत्री बोले- भारत ने रूस से तेल खरीद घटाई, ये अमेरिका की बड़ी जीत

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रम्प सरकार भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ में से आधा टैरिफ हटाने पर विचार कर सकती है। उन्होंने गुरुवार को अमेरिकी मीडिया वेबसाइट पॉलिटिको को दिए इंटरव्यू में कहा कि भारत ने रूस से कच्चा तेल खरीदना काफी कम कर दिया है, इसलिए टैरिफ में राहत देने की गुंजाइश बन रही है। बेसेंट ने इसे अमेरिका की बड़ी जीत बताया और कहा कि भारत पर लगाया गया 25त्र टैरिफ काफी असरदार रहा है और इसकी वजह से भारत की रूसी तेल खरीद घट गई है। उन्होंने कहा कि टैरिफ अभी भी लागू हैं, लेकिन अब इन्हें हटाने का रास्ता निकल सकता है। अमेरिका ने अगस्त 2025 में भारत पर दो बार टैरिफ लगाया था। पहली बार 1 अगस्त को व्यापार घाटे को लेकर 25त्र टैरिफ लगाया गया। इसके बाद 27 अगस्त को रूस से तेल खरीदने की वजह से एक बार और 25% टैरिफ लगाया गया।



### अमेरिका रूसी तेल बिक्री रोककर पुतिन पर दबाव बढ़ाना चाह रहा

अमेरिका, पुतिन पर दबाव बढ़ाने के लिए भारत समेत कई देशों से कह रहा है कि वे रूस से तेल खरीद बंद करें। भारत ने इस दबाव को गलत और अनुचित बताया है और कहा है कि उसकी एनर्जी पॉलिसी देश के हितों के हिसाब से तय होती है। पिछले हफ्ते दावोस में भी बेसेंट ने फॉक्स न्यूज से कहा था कि ट्रम्प के 25त्र टैरिफ लगाने के बाद भारत ने तेल की खरीद काफी कम कर दी थी और अब लगभग बंद कर दी है। कुछ हालिया रिपोर्टों में कहा गया है कि भारत की कुछ निजी कंपनियों ने रूस से तेल इंपोर्ट कम किया है, लेकिन भारत सरकार का कहना है कि रूस से तेल की खरीद जारी है।

### बेसेंट बोले- यूरोप भारत से तेल खरीद कर रूस की मदद कर रहा

बेसेंट ने यह भी कहा कि यूरोपीय देश भारत पर टैरिफ इसलिए नहीं लगा रहे हैं क्योंकि वे भारत के साथ बड़ा व्यापार समझौता करना चाहते हैं। साथ ही उन्होंने यूरोप पर आरोप लगाया कि वह भारत से रिफाइंड तेल खरीदकर खुद ही रूस की मदद कर रहा है।

बेसेंट रूसी तेल खरीदने पर लगने वाले 500त्र टैरिफ प्रस्ताव पर बोल रहे थे। इसमें अमेरिका उन देशों पर 500त्र तक टैरिफ लगा जा सकता है, जो रुस का तेल खरीदते हैं।

बेसेंट ने कहा कि 500% टैक्स लगाने का प्रस्ताव सीनेटर ग्राहम ने सीनेट में रखा है। हालांकि राष्ट्रपति ट्रम्प को इसकी जरूरत नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति के पास पहले से ही एक कानून के तहत यह अधिकार है कि वे राष्ट्रीय आपात स्थिति का हवाला देकर दूसरे देशों पर भारी आर्थिक प्रतिबंध या टैक्स लगा सकते हैं।


## ट्रम्प बोले- चीन 1 साल में कनाडा को खा जाएगा

### हमारे बजाय उनसे बिजनेस कर रहा, गोल्डन डोम प्रोजेक्ट का विरोध करने पर हुए नाराज

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि चीन, कनाडा को एक साल के अंदर ही खा जाएगा। दरअसल, कनाडा के [illegible]मार्क कार्नी ट्रम्प के गोल्डन डोम मिसाइल प्रोजेक्ट का विरोध कर रहे हैं। ट्रम्प इससे नाराज हो गए हैं। उन्होंने कहा कि कनाडा हमारे बजाय चीन से दोस्ती बढ़ा रहा, जो उन्हें पहले ही साल में बर्बाद कर देगा। कनाडा पर आरोप लगाते हुए ट्रम्प ने कहा कि वह नॉर्थ अमेरिका की सुरक्षा के लिए खतरा है। कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने 13 जनवरी से 17 जनवरी तक चीन की यात्रा की और वहां व्यापार समझौते किए। रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प इससे नाराज बताए जा रहे हैं। करीब एक साल पहले कार्नी खुद चीन को कनाडा के सामने सबसे बड़ा सुरक्षा खतरा बता चुके थे, लेकिन एक साल बाद हालात बदल चुके हैं। चीन दौरे पर उन्होंने कई अहम करार किए हैं। इसमें कनाडा, चीन की इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर लगाए गए टैरिफ को कम करेगा।

## सोने का भाव-एक दिन में 9 हजार से ज्यादा बढ़ा

### 1 किलो चांदी 3 लाख 41,500 रु पहुंची



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** भारतीय सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों ने अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। राजस्थान में बुधवार को स्टैंडर्ड सोने के भाव में एक ही दिन में 9 हजार 750 रुपए की जोरदार तेजी दर्ज की गई। इसके बाद 10 ग्राम सोना 1 लाख 60 हजार रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। चांदी की कीमतों में भी जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। एक ही दिन में 10 हजार रुपए की तेजी के बाद 1 किलो चांदी का भाव 3 लाख 22 हजार रुपए पर पहुंच गया, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। लगातार बढ़ते दामों ने आम खरीदारों की चिंता बढ़ा दी है वहीं निवेशकों और व्यापारियों के बीच हलचल तेज हो गई है।

### आने वाले दिनों में कीमतों में दिखेगा उतार-चढ़ाव

जयपुर सर्राफा एसोसिएशन के राकेश खंडेलवाल ने बताया कि बीते कुछ समय से सोने और चांदी की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है, लेकिन हाल के दिनों में दोनों ही धातुओं ने पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। कीमतों में अचानक आई इस भारी तेजी के कारण सर्राफा बाजार में खरीदारी पर असर पड़ा है और ग्राहकों की संख्या कम हो गई है। हालांकि, कई लोग ऊंचे दामों का फायदा उठाते हुए सोना-चांदी बेचकर मुनाफा भी कमा रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, चीन समेत कई देश सोने और चांदी जैसे कीमती धातुओं का बड़े स्तर पर स्टॉक कर रहे हैं। वैश्विक अनिश्चितता और निवेशकों की सुरक्षित विकल्पों की ओर बढ़ती रुचि के चलते आने वाले दिनों में कीमतों में और उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। ऐसे में निवेशकों को फिलहाल बाजार की स्थिरता का इंतजार करने की सलाह दी जा रही है।

## लोकभवन में उत्तरप्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय और मणिपुर का स्थापना दिवस मनाया गया

### सासंद और उत्तरप्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा भी रहे उपस्थित



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** लोकभवन में शनिवार को उत्तरप्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय और मणिपुर राज्यों का स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने इन राज्यों के राजस्थान में रहने वाले निवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए सभी को राष्ट्र निर्माण में सहभागिता निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर उत्तरप्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री और सासंद डॉ. दिनेश शर्मा भी उपस्थित रहे।

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि विविधता में एकता लिए हमारा देश एक भारत श्रेष्ठ भारत है। राज्यों के स्थापना दिवस मनाने का उद्देश्य यही है कि विविधता में एकता की हमारी संस्कृति को हम उत्सव रूप में मनाएं। उन्होंने उत्तरप्रदेश को देश का सबसे बड़ा राज्य बताते हुए भारत के भाल रूप में इस राज्य की सांस्कृतिक विशेषताओं की चर्चा की। उन्होंने कहा कि अयोध्या का राम लल्ला का मंदिर और कुंभ का ऐतिहासिक प्रयागराज मेला विश्व के बड़े आकर्षण है। राज्यपाल ने मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा को पूर्वोत्तर के प्रमुख राज्य बताते हुए इन राज्यों की जनजातीय और प्रकृति से जुड़ी संस्कृति को महत्वपूर्ण बताया। सासंद डॉ. दिनेश शर्मा ने उत्तरप्रदेश राज्य की विशेषताओं की चर्चा करते हुए कहा कि भारत का यह सबसे बड़ा धार्मिक पर्यटन केंद्र ही नहीं है, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टि से समृद्ध संपन्न और तेजी से विकास की ओर बढ़ता राज्य है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में उत्तरप्रदेश में सभी के समान विकास को गति दी गई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में सर्वाधिक उत्तरप्रदेश के निवासी हैं और उत्तरप्रदेश में राजस्थान के सर्वाधिक लोग निवास करते हैं।

यह राज्य पड़ोसी राज्यों के साझा विकास का संवाहक है। इससे पहले राज्यपाल ने उत्तरप्रदेश, मेघालय, मणिपुर और त्रिपुरा राज्य के निवासियों से संवाद किया। यहां लोगों ने अपने अनुभव साझा किए। राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## थरूर बोले-कांग्रेस के किसी भी स्टैंड का विरोध नहीं किया

### केवल ऑपरेशन सिंदूर के मुद्दे पर असहमति थी, इसके लिए माफी नहीं मांगूंगा

बढ़ता राजस्थान

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शनिवार को कहा कि उन्होंने पार्लियामेंट में कांग्रेस के किसी भी स्टैंड का कभी भी विरोध नहीं किया। एकमात्र मुद्दा ऑपरेशन सिंदूर था, जिस पर सिद्धांत के आधार पर मेरा स्टैंड अलग था। थरूर ने कहा- इस मामले पर मैंने बहुत मजबूत स्टैंड लिया था। मैं इसके लिए कोई माफी नहीं मांगूंगा। पहलगाम की घटना के बाद, मैंने खुद इंडियन एक्सप्रेस में एक कॉलम लिखा था। मैंने इसमें कहा था कि ऐसी घटना को बिना सजा के नहीं छोड़ा जा सकता और इसका जवाब देना जरूरी है। तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर ने यह बातें शनिवार को कोझिकोड में आयोजित केरल लिटरेचर फेस्टिवल के दौरान कहीं। वह वहां दर्शकों के सवालों का जवाब दे रहे थे।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।